भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

मार्गशीर्ष, पक्ष - कृष्ण, तिथि - अमावस्या, संवत 2079 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-8, अंक-39, 23 नवम्बर - 29 नवम्बर, 2022 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

1972 में गठित जीआइसी री 15वां सबसे बड़ा वैश्विक पुनर्बीमाकर्ता है। यूएसडी 7 बिलियन निवल मूल्य वाली कंपनी आज भारत के पुनर्बीमा उद्योग की रीढ़ और भारतीय पुनर्बीमा की वैश्विक पहचान है।

जीआइसी री सभी जीवन एवं गैर-जीवन कंपनियों को संपूर्ण पुनर्बीमा समर्थन प्रदान करता है। इसकी लंदन (यूके), कुआलालंपुर (मलेशिया) और गिफ्ट सिटी, गांधीनगर (भारत) में शाखा कार्यालय है। जीआइसी री की यूनाइटेड किंग्डम, दक्षिण अफ्रीका एवं रूस में 100% स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियां और एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (भारत), जीआइसी भूटान री लिमिटेड (भूटान), इंडिया इंटरनेशनल इंश्योरेंस पीटीई लि. (सिंगापुर) के साथ संयुक्त उद्यम है।

आपत्काले रक्षिष्यामि

GIC Re

भारतीय साधारण बीमा निगम

''सुरक्षा'', 170, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई - 400020, भारत | www.gicre.in | सीआईएन: L67200MH1972GOI016133 | आईआरडीएआई रजि. नं. 112

जागरूक खबरें

■ युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम

जयपुर @ जागरूक जनता। आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के आठ दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम (YLTP) का आयोजन संस्थान के प्रताप नगर स्थित श्री श्री रविशंकर आश्रम में 12 से 19 नवंबर तक किया गया। जिसमें न केवल राजस्थान के अलग अलग क्षेत्रों से बल्कि उत्तर भारत के कई अन्य राज्यों से भी युवा शामिल होने आए है। 12नवम्बर से प्रारम्भ हुए इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित युवाओं को योग, प्राणायाम, ध्यान, सुदर्शन क्रिया, पद्मसाधना, सेवा, सत्संग सीखाने के अलावा उनमें संभाषण कौशल, नेतृत्व कौशल, डी- एडिक्शन, निर्णय क्षमता और चुनौतियों का सामना करने की क्षमताओं का विकास किया गया। प्रशिक्षक चंद्रभान सिंह, मरुधर और छाया ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षित युवा अपने व्यक्तिगत जीवन में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होते हैं और साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग के निशुल्क कार्यक्रम अपने गांव और शहरों में अयोजन करके समाज में योग, ध्यान, शांति और सद्भाव का संदेश दे सकते हैं ।

■ वार्ड संख्या 66 के निर्वाचन क्षेत्र में 23 से 25 नवम्बर तक सूखा दिवस घोषित

जयपुर @ जागरूक जनता। जिला निर्वाचन अधिकारी म्यूनिसिपल प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर नगर निगम जयपुर हेरिटेज के वार्ड संख्या 66 के निर्वाचन क्षेत्र एवं उससे लगते हुए पांच किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में मतदान समाप्ति तक पूर्ण होने वाले 48 घंटों की अवधि अथवा 23 नवंबर 2022 को सांयकाल 5 बजे से 25 नवंबर 2022 को सांय 5 बजे तक सूखा दिवस घोषित किया है। नगर निगम जयपुर हेरिटेज के वार्ड संख्या 66 के उपचुनाव हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में मतदान दिवस 25 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों (आकस्मिक कामकारों सहित) को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा।

■ महिला मोर्चा ने विजय को दी बधाई

जयपुर @ जागरूक जनता। मुरलीपुरा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा को उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर मुरलीपुरा मंडल महिला मोर्चा के द्वारा शुभकामनाएं दी गई। जिसमें मुख्यतः मुरलीपुरा मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा ममता शर्मा मीडिया प्रभारी कविता गंगवानी, कोषाध्यक्ष रेखा जैन, महामंत्री प्रीति, निशा जैन, ज्योति एवं अन्य महिलाओं के साथ साथ मुरलीपुरा वार्ड संयोजक एडवोकेट मनोज कुमार शर्मा एवं मीडिया प्रभारी जतिन दीक्षित उपस्थित रहे।

■ नरेन्द्र सिंह और चारू मीणा ने संभाला एपीआरओ का पदभार

जयपुर @ जागरूक जनता। सहायक जनसंपर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत और चारू मीणा ने जयपुर कलक्ट्रेट में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में एपीआरओ का पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यालय के उपनिदेशक मान सिंह मीणा ने दोनों अधिकारियों को पद के दायित्वों और जनसंपर्क सेवा की बारीकियों से रूबरू करवाया। मीणा की अगुवाई में दोनों अधिकारियों ने जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की और मार्गदर्शन लिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने बीते दिनों सहायक जनसंपर्क अधिकारियों के पदस्थापन आदेश जारी किये थे। जिसकी अनुपालना में नरेन्द्र सिंह शेखावत और चारू मीणा ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया।

■ आरटीई : भौतिक सत्यापन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर तक

जयपुर @ जागरूक जनता। शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के भौतिक सत्यापन की तिथि 9 दिन बढ़ाई है। स्कूलों में शिक्षा विभाग की टीम 30 नवंबर तक भौतिक सत्यापन कर सकेंगी, अभी तक यह तारीख 21 नवंबर थी। भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को आरटीई पोर्टल पर अगले 7 दिन में अपलोड करनी होगी। इस रिपोर्ट का कार्यालय स्तर पर मिलान कर 15 दिन में सत्यापन करना होगा।

■ गुर्जर समाज के लोगों से मिले बैंसला

जयपुर @ जागरूक जनता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का विरोध करने के लिए सोमवार को बस्सी विधानसभा में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने पाटोली जाते समय समाज के लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान बैंसला ने कहा कि गुर्जर समाज का वर्ष 2019 में जो समझौता हुआ था, सरकार उसे पूरा करें, नहीं तो वे राहुल गांधी की यात्रा राजस्थान में घुसने नहीं देंगे। बस्सी में समाज के लोगों ने रामकिशन नेताजी के नेतृत्व में बैंसला का समर्थन किया।

खुश खबर : मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कीफेज-1सी को मिली वित्तीय स्वीकृति

मानसरोवर से ट्रांसपोर्ट नगर तक चलेगी मेट्रो

दिल्ली रोड से जुड़ेगा पुराना शहर

हर दिन 1.38 लाख लोग करेंगे सफर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर में मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने मेट्रो के फेज 1 के तीसरे चरण के रूट के लिए बजट को हरी झंडी मिल गई है। ये रूट बड़ी चौपड़ से आगे दिल्ली बाइपास पर ट्रांसपोर्ट नगर तक बनाया जाएगा। इस रूट के बनने के बाद यात्रियों को मानसरोवर से दिल्ली रोड तक की कनेक्टिविटी मिल जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को इस रूट के लिए 993.51 करोड़ रुपए की अप्रूवल दी है। जयपुर मेट्रो की डीपीआर के अनुसार, अनुमान जताया जा रहा है कि मानसरोवर से ट्रांसपोर्ट नगर तक साल 2031 तक प्रतिदिन 1.38 लाख यात्री मेट्रो में सफर करेंगे, जिससे जयपुर चारदीवारी में ट्रैफिक लोड काफी हद तक कंट्रोल रहेगा।

2.85 किलोमीटर का बनेगा रूट

जयपुर मेट्रो की ओर से जो डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की है, उसमें 2.26 किलोमीटर का एलिवेटेड ट्रैक है, जबकि 590 मीटर का अंडरग्राउंड ट्रैक होगा। इस तरह ये रूट कुल 2.85 किलोमीटर का होगा। अभी जयपुर में मेट्रो का संचालन मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक हो रहा है, जो करीब 11.3 किलोमीटर लम्बाई में है। इस रूट पर 3 अंडरग्राउंड, जबकि 8 स्टेशन एलिवेटेड हैं।

यूं बनेगा प्रस्तावित रूट

DPR के मुताबिक, बड़ी चौपड़ से अंडरग्राउंड रूट रामगंज चौपड़ तक रहेगा। यहां एक अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा। इसके बाद रामगंज एरिया के नीचे से अंडरग्राउंड होते हुए सूरजपोल अनाज मंडी, दिल्ली बाइपास होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर तक बनाने की योजना है। इस पूरे रूट पर 2 स्टेशन बनेंगे, जिसमें रामगंज पर एक अंडरग्राउंड स्टेशन होगा, जबकि दूसरा ट्रांसपोर्ट नगर में एलिवेटेड स्टेशन होगा।

फेज-1 डी के लिए 205 करोड़ पहले मंजूर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने इस बजट में दो रूटों पर निर्माण शुरू करवाने की घोषणा की थी। इसमें फेज-1सी (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर) और फेज-1डी (मानसरोवर से 200 फीट अजमेर रोड तक) शामिल है। फेज-1डी के लिए गहलोत कैबिनेट ने अक्टूबर में 204.81 करोड़ रुपए की मंजूरी दी थी। ये प्रोजेक्ट करीब 2 किलोमीटर का है। ये पूरा एलिवेटेड रूट होगा।

परकोटे के बाहर सफर होगा एलिवेटेड

परकोटा सीमातक मेट्रो का संचालन भूमिगत रहेगा। भूमिगत रूट की लम्बाई 2.26 किमी. होगी। इसके बाद दिल्ली रोड पर 0.59 किमी का सफर एलिवेटेड रोड पर होगा। रामगंज चौपड़ पर भूमिगत और ट्रांसपोर्ट नगर पर एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन बनेगा।

3 बार डीपीआर बनी फैसला अब तक नहीं

जयपुर मेट्रो के फेज-2 पर राज्य सरकार अभी तक कोई निर्णय नहीं ले पाई है। 23.5 किमी.. वाले इस रूट पर ती बार डीपीआर बन चुकी है। अंतिम डीपीआर लाइट मेट्रो को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें 4546 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। यह पूरा प्रोजेक्ट एलिवेटेड होगा और इसमें 21 मेट्रो स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित है। जयपुर मेट्रो का दूसरा फेज सीतापुरा से अम्बाबाड़ी तक निर्धारित है।

भराव क्षेत्र से निकालेंगे मिट्टी

बीसलपुर बांध की ऊंचाई नहीं गहराई बढ़ेगी



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजधानी जयपुर सहित अजमेर, टोंक जिले को पेयजल आपूर्ति कर रहे बीसलपुर बांध की ऊंचाई नहीं बढ़ाई जाएगी। जल संसाधन विभाग ऊंचाई बढ़ाने की जगह भराव क्षेत्र से मिट्टी निकलवाने योजना बना रहा है। अनुमान है कि इस मिट्टी को बेचने से विभाग को सालाना करीब 200 करोड़ रुपए तक की कमाई होगी। विभाग का मानना है कि भराव क्षमता बढ़ाने के लिए ऊंचाई बढ़ाना बेहद खर्चीला है और इससे डूब क्षेत्र भी बढ़ेगा। इसके बजाय मिट्टी निकालकर गहराई बढ़ाना आसान होगा। बांध में प्रत्येक मानसून में लगातार बहकर आ रही मिट्टी के कारण अब तक भराव क्षमता 100 मिलियन क्यूबिक मीटर (10 प्रतिशत) तक कम हो गई है।

212 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ

बांध का भराव क्षेत्र 212 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। मिट्टी निकालने से बांध की गहराई में इजाफा होगा वहीं भराव क्षमता भी बढ़ेगी। अब बांध की ऊंचाई बढ़ती है तो डूब क्षेत्र भी बढ़ेगा और मुआवजा देना आसान नहीं होगा।

राजस्व भी मिलेगा

बांध की ऊंचाई बढ़ाने की जगह हम भराव क्षेत्र की मिट्टी को निकालने की योजना पर काम कर रहे हैं। इससे बांध की भराव क्षमता भी बढ़ेगी और मिट्टी बेचने से अच्छा राजस्व भी विभाग को प्राप्त होगा।

-शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव, जल संसाधन विभाग

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

'आप' आदर्श नगर विस इकाई ने सीएमओ को दिया ज्ञापन

जन आधार की अनिवार्यता समाप्त करें सरकार-गौड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। आम आदमी पार्टी की आदर्श नगर विधानसभा इकाई के कार्यकर्ताओं ने आप नेता पवन गौड़ के नेतृत्व में एसएमएस हॉस्पिटल से संबद्ध चिकित्सालयों में जन आधार की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह फौजदार को ज्ञापन सौंपा।

पवन गौड़ ने बताया राजस्थान में हर सेवा का लाभ लेने के लिए जन आधारकार्ड को अनिवार्य कर दिया है। राजस्थान सरकार का एक नंबर एक कार्ड एक पहचान का उद्देश्य केवल नाममात्र सा है। आमजन जब अपने इलाज के लिए सरकारी हॉस्पिटल में जाता है तो प्रशासन द्वारा उसका रजिस्ट्रेशन इसलिए नहीं किया जाता क्योंकि उसके पास जन आधार कार्ड नहीं है। कहा जाता है कि पहले जन आधार कार्ड लाओ फिर आपकी पर्ची बनेगी। जब वह अपना जन आधार कार्ड बनवाने हेतु ई-मित्र पर जाता है तो वहाँ आधार कार्ड का सर्वर नहीं चल रहा होता। कोई व्यक्ति इन सरकारी हॉस्पिटल में सरकार की पहली प्राथमिकता मरीज को सफल इलाज मुहैया करवाना होना चाहिए। सरकार को इस पर संज्ञान लेते हुए जन आधारकार्ड की अनिवार्यता समाप्त कर देनी चाहिए।

इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा टीम वार्ड 87 कार्यकर्ता मोहम्मद शाहबाज कुरेशी, फिरोज उद्दीन कुरेशी वार्ड 85 से मोहसिन कुरेशी वार्ड 91 से आलम खान, मोहम्मद राशिद, सुधीर शर्मा, अमित मीणा, योगेश खंडेलवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ज्योतिष महाकुंभ : 1500 ज्योतिषियों ने वास्तु और ज्योतिष के वैज्ञानिक उपाय बताए

भारत की अधिकांश किचन में काला पत्थर, यह शुभ नहीं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। किचन में काला पत्थर लगाना उचित (शुभ) नहीं होता है, जबकि हमारे देश में अधिकांशतः रसोई में काला पत्थर ही प्राथमिकता से लगाया जाता है। सिग्नेचर से भी किसी व्यक्ति व्यक्ति के व्यक्तित्व और व्यापार में उतार-चढ़ाव हो सकता है। ऐसे ही कुछ उपाय बताते हुए ज्योतिषियों के महाकुंभ में आए वास्तु और ज्योतिष विशेषज्ञों ने माना कि जयपुर 295 साल का हो गया है, इसका वास्तु आज भी बेजोड़ है।

हमारा ज्योतिषशास्त्र हजारों साल पुराना होने के बाद भी सटीक जानकारी दे रहा है। यही कारण है कि अब युवा पीढ़ी इसे अपनाने लगी है। इस महाकुंभ में देशभर के 1500 से ज्यादा ज्योतिषियों की मौजूदगी में विशेषज्ञों ने हजारों लोगों की वास्तु और ज्योतिष की जिज्ञासाओं को शांत किया। इस दौरान लोगों ने निशुल्क जन्म कुंडली बनवाने के साथ ही वैवाहिक जीवन में परेशानी, बिजनेस में परेशानी या मकान में वास्तु दोष आदि पर चर्चा की। उनके बताए वैज्ञानिक तरीकों को लोगों ने अपनाते हुए विशेषज्ञों से सवाल-जवाब किए।

रजा मुराद और मंत्री जोशी ने किया श्रीराम जयघोष

मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता रजा मुराद और मंत्री महेश जोशी ने श्रीराम का जयघोष करते हुए अपनी बात कही। मुराद ने भगवान के प्रति अपनी आस्था को बयां करते हुए कहा कि उनके जीवन में भगवान राम और गणेश का महत्व है। 14 साल तक उनको फिल्मों में काम नहीं मिला था। उसके बाद जो पहली फिल्म मिली वह राम के नाम से सज्जित थी। फिर कई फिल्में लगातार मिली। टॉक शो रहा खास, लाइव डेमो से बताए वास्तु उपाय, रत्नों का महत्व भी बताया टॉक शो में वास्तु विशेषज्ञ जयंत पंड्या ने वास्तु की बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने स्क्रीन पर मकान के प्लान को दर्शाते हुए घर का वास्तु बताया। उन्होंने कहा कि किचन में काला पत्थर लगाना उचित नहीं होता है। उन्होंने सिग्नेचर (हस्ताक्षर) को भी महत्वपूर्ण बताया। सिग्नेचर से व्यक्ति का व्यक्तित्व और व्यापार में उतार-चढ़ाव को देखा जा सकता है। डॉ. अरुण बंसल ने रत्नों का महत्व बताया।

ANCHOR **तीन साइड बर्थ होने से आ रही थी दिक्कत**

गरीब रथ में अब आरएसी टिकट नहीं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

रेलवे अधिकारी बोले, यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए लिया निर्णय

जयपुर। यात्रियों को गरीब रथ ट्रेन में रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन (आरएसी) का आरक्षण टिकट नहीं मिलेगा। अब वे कंफर्म टिकट पर ही यात्रा कर सकेंगे। रेलवे ने आरएसी का टिकट देने पर रोक लगा दी है। यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार गरीब रथ एक्सप्रेस में एक कम्पार्टमेंट में कुल 9 सीट होती हैं, जबकि अन्य ट्रेनों के कम्पार्टमेंट में 8 सीट ही होती है। अमूमन आरएसी टिकट के साथ यात्रा करने वाले 3 यात्रियों को साइड वाली सीट अलॉट कर दी जाती थी। जिससे रात के समय इन सीटों पर सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी होती है। यात्रियों ने कई बार सोशल साइट्स पर उक्त सीटों पर सिर झुकाकर यात्रा करने से शारीरिक समस्याएं होने की शिकायत की थी। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के मद्देनजर रेलवे ने ये निर्णय लिया है। यह व्यवस्था लागू भी हो गई है।

यात्रियों को कम किराए में एसी का सस्ता सफर कराने के लिए वर्ष 2006 में तत्कालीन रेलमंत्री ने गरीब रथ ट्रेन चलाई थी। इसमें अन्य एसी ट्रेनों के मुकाबले किराया 33% कम है। उ.पश्चिम रेलवे में अजमेर-चंडीगढ़ व मुंबई-दिल्ली वाया जयपुर होते हुए गरीब रथ ट्रेन संचालित होती है।

महंगा हुआ सफर

इधर, एसी 3 इकॉनोमी कोच में सफर महंगा हो गया है। कोच में बेडरोल के लिए स्टोर बनाने को लेकर रेलवे ने अंतिम तीन बर्थ की बुकिंग बंद कर दी। इसका असर किराए पर पड़ेगा। क्योंकि इस कोच में 83 बर्थ हैं जबकि अन्य ट्रेनों की बोगी में 72 ही सीट हैं। जिससे किराया 8% तक कम लगता था। संभवतः प्रतियात्री को 50 रुपए तक अधिक देने पड़ेंगे।

समाज और संस्कृति के लिए भी हों इंस्टीट्यूट

सटीक

शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

आज के इस आधुनिक युग में किस्म-किस्म की प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होती हैं। उन प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के लिए तरह-तरह के इंस्टीट्यूट खुले हुए हैं। इन इंस्टीट्यूटों में बहुत से तो सफलता की गारंटी भी देते हैं मगर हमें जीवन रूपी सागर को पार करने की शिक्षा के लिए कोई इंस्टीट्यू नहीं है। सिर्फ प्रबुद्ध लोग कह देते हैं कि समाज की पहली पाठशाला मां होती है। इतना कहने भर से जीवन की सच्चाइयों से रूबरू नहीं हुआ जा सकता। प्रतियोगिताओं में उलझे हुए युवक के लिए समाज और संस्कृति के विषय में सोचने को फुर्सत ही नहीं मिलती है। ऐसा कई बार देखने और सुनने को मिलता है। कई स्थानों पर दो-चार युवक-युवतियों को इकट्ठे बैठे देखते हैं तो यह कहते सुना जाता है कि समाज और संस्कृति हमें खाने को नहीं देते। हम कम्पीटीशन फाइट करेंगे तो कहीं जॉब मिल जाएगा। तो इन बातों से ऐसा लगता है कि युवाओं के दिमाग में सिर्फ जॉब ही घूमता है। मां-बाप, भाई-बहिनों और अन्य रिश्तों के बारे में कुछ विचार ही नहीं उपजते। स्वयं के अलावा बाकी दुनिया से तो जैसे कोई मतलब ही नहीं है। युवाओं का ध्यान समाज और हमारी संस्कृति से भटकने के कारण कई तरह की समस्याएं हमारे सामने आने लगी है। इन समस्याओं की वजह से घरों में कलह जन्म लेने लगा है। घर में शांत वातावरण नहीं मिलने का कारण समाज और संस्कृति की जानकारी नहीं होना भी है। इसलिए हमारी संस्कृति और समाज के प्रति हमारा दायित्व क्या है इस विषय की जानकारी देने के लिए भी इंस्टीट्यूट होने चाहिए। यह समाज और सरकार का दायित्व है कि ऐसे इंस्टीट्यूट भी हों, जहां युवक और युवतियों को समाज और संस्कृति की जानकारी उपलब्ध हो और उसकी प्रतियोगिताएं भी आयोजित होनी चाहिए जिससे लगे कि हम समाज और संस्कृति के बारे में जानकारी रखते हैं और जीवन में आने वाले झंझावतों उलझने के बजाए परिवार और समाज के साथ शांति पूर्वक सामंजस्य बिठाकर जीएं।

shivdayalmishra@gmail.com

जागरूक जनता
हिन्दी अखबार
घर मंगवाये आपका अपना अखबार
खबर, विज्ञप्ति, विज्ञापन, आलेख, कार्यक्रम सूचना, प्रेसनोट हमें भेजें
jagrukjantanews@gmail.com
0141-3587886

ईशा अंबानी जुड़वां बच्चों की मां बनीं

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। उद्योगपति मुकेश अंबानी नाना बन गए हैं। उनकी बेटी ईशा ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। अंबानी और पीरामल परिवार की ओर से जारी सूचना में बताया कि ईशा ने 19 नवंबर को एक बेटे व एक बेटी को जन्म दिया। बेटी का नाम आदिया व बेटे का कृष्णा रखा हैं।

जयपुर में कांग्रेस नेता की बेटी अपहरण!

फोन किया-पापा, लड़के पीछा कर रहे, जल्दी आ जाओ, एयरपोर्ट रोड पर मिली स्कूटी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर में कांग्रेस नेता गोपाल केसावत की बेटी के किडनैपिंग का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वारदात के समय बेटी ने केसावत को फोन भी किया। कहा, 'कुछ लड़के पीछा कर रहे हैं। पापा, जल्दी आ जाओ।' केसावत ने सोमवार देर रात प्रताप नगर थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बेटी को अपहरण करने का मामला दर्ज कराया है। उधर, सीएसटी और पुलिस टीमें, अभिलाषा केसावत (21) की तलाश में जुट गई हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अभिलाषा स्कूटी से सब्जी लेने के लिए एनआरआई सर्किल तक गई थी। वापस नहीं लौटी तो परिवार ने ढूंढना शुरू किया। जब कुछ पता नहीं लगा तो रात को थाने में मामला दर्ज कराया। इस बीच मंगलवार सुबह स्कूटी एयरपोर्ट रोड पर लावारिस खड़ी हुई मिली है। प्रतापनगर सीआई भजन लाल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है। वारदात स्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

फूट-फूट कर रोने लगे पिता

केसावत ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजयपाल लांबा को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द बेटी को ढूंढने की मांग की। कमिश्नर से मुलाकात के दौरान वे भावुक हो गए। उनके साथ आए परिवार के लोग भी बेटी को जल्द से जल्द ढूंढने की गुहार करते हुए रोने लगे। केसावत ने कहा कि अगर किसी वीवीआईपी की बेटी या डॉग होता तो उसका सीसीटीवी मिल जाता। 15 घंटे में हमें फुटेज या लोकेशन तक ट्रेस करके नहीं बताया गया है। अधिकारियों से मांग है कि बेटी को सकुशल लेकर आए। कुछ संदिग्ध लोगों के नाम भी मैंने इंचार्ज को बताए हैं। दो-तीन महीने पहले मेरी गाड़ी के भी शीशे तोड़े गए थे। मैंने पहले भी सुरक्षा मांगी थी।

केसावत ने कहा- बेटी ने बताया था, कुछ लोग पीछा कर रहे हैं

गोपाल केसावत ने पुलिस को बताया, 'अभिलाषा सोमवार शाम को 5:30 बजे घर से निकली थी। इसके बाद 6:05 पर उसने मुझे फोन कर कहा- 'पापा, मेरे पीछे लड़के पड़ गए, तुरंत गाड़ी लेकर आओ।' इस पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मैं तुरंत गाड़ी लेकर एनआरआई सर्किल के पास पहुंचा। तब वहां पर न तो उनको बेटी मिली और न ही उसकी स्कूटी। बेटी को फोन लगाया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ आया। इसके बाद अपने रिश्तेदारों व परिचितों के साथ मिलकर आसपास का पूरा इलाका छान मारा, लेकिन कहीं पर भी बेटी का कोई सुराग नहीं मिला।' इसके बाद देर रात प्रतापनगर थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया गया।

पिता ने ही स्कूटी ढूंढकर निकाली

जिस स्कूटी पर अभिलाषा सब्जी लेने गई थी, उस स्कूटी को आज सुबह गोपाल ने ही एयरपोर्ट रोड पर लावारिस खड़ा हुआ ढूंढा है। फिलहाल पुलिस एनआरआई सर्किल के साथ-साथ जिस स्थान पर स्कूटी बरामद हुई है, वहां तक लगे तमाम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। केसावत गहलोत की पिछली सरकार में राजस्थान घुमंतू बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। साथ ही घुमंतू प्रकोष्ठ का अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके साथ कांग्रेस में काफी लंबे समय से एक्टिव हैं।

मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास

एडिशनल कमिश्नर अजय पाल लांबा ने बताया- घटना की जानकारी मिलने के बाद में डीएसपी और सीएसटी की टीम को बच्ची को सर्च करने में लगा दिया गया है। शिकायतकर्ता ने जिस लोकेशन के बारे में पुलिस को जानकारी दी, उस लोकेशन पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला गया। वहां से कोई जानकारी हाथ नहीं लगी है। लड़की के मोबाइल की लोकेशन को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक इस संबंध में किसी प्रकार की कोई लीड नहीं मिली है। हर एंगल पर जांच की जा रही है।

मोदी ने करीब 71 हजार नव नियुक्त कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेला के तहत नव नियुक्त कर्मियों को करीब 71,000 नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनसे विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी भूमिका निभाते हुए क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "मैं देश के युवाओं से नए अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करूंगा। मुझे विश्वास है कि आप अपनी क्षमता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आज के नियुक्ति पत्र महज से प्रवेश का जरिया है।"प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं को रोजगार के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का यह अभियान ऐसे ही अनवरत जारी रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा इससे पहले अक्टूबर महीने में 'रोजगार मेला' की शुरुआत की थी। उन्होंने एक समारोह में 75,000 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। पिछली बार जिन श्रेणियों में युवाओं को नियुक्ति दी गई थी, उनके अतिरिक्त इस बार शिक्षक, व्याख्याता, नर्स, नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सक, फार्मासिस्ट, रेडियाग्राफर और अन्य तकनीकी और पैरा मेडिकल पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी।

जोधपुर, कोटा, उदयपुर और भिवाड़ी को मिली स्नार्गल लेडर, 60 मीटर हाइट में बुझा सकेंगे आग

चार शहरों में फायर फाइटिंग की नई मशीनें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर के बाद अब जोधपुर, कोटा, उदयपुर और भिवाड़ी में भी हाईराइज बिल्डिंगों में आग लगने पर उसे टाइम पर कंट्रोल किया जा सकेगा। सरकार ने इन 4 शहरों के लिए चार एरियल हाइड्रोलिक लेडर प्लेटफार्म (स्नार्गल लेडर) मशीन ली है। इन फायर ब्रिगेड मशीनों को आज इन शहरों के लिए जयपुर से रवाना किया गया।

नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने जयपुर स्थित अपने निवास से इन गाड़ियों को हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने

बताया कि कुछ समय पहले जयपुर में सरकार ने 70 मीटर की ऊंचाई तक आग बुझाने वाली ऐसी ही मशीन जयपुर में लेकर आए थे। जयपुर के अलावा अब जोधपुर, कोटा, उदयपुर और भिवाड़ी में भी बड़ी संख्या में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बन रहे है।

15 करोड़ की 1 मशीन

चार शहरों के लिए खरीदी गई ये चार मशीने 60 करोड़ रुपए की लागत से ली गई है, जो फिनलैंड से मंगवाई है। इन मशीनों का रखरखाव अगले 10 साल तक कंपनी ही करेगी। इन मशीनों में लगी सीढ़ियों को हाइड्रोलिक सिस्टम के जरिए 60 मीटर की ऊंचाई तक ले जा सकते है। इसमें एक रेस्क्यू केज (जाल) भी होता है, जिसमें 3-4 लोगों को किसी ऊंची हाइट वाले इलाके से रेस्क्यू करके निकाल सकते है।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

मुख्य सूची के यात्रियों के नहीं आने पर वेटिंग लिस्ट वालों को बुलाया जाएगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक निशुल्क तीर्थयात्रा योजना में पांचवीं ट्रेन 13 दिसंबर को तिरुपति के लिए रवाना होगी। जयपुर से तिरुपति बालाजी के लिए जाने वाली इस ट्रेन में प्रदेश के लगभग सभी जिलों से लॉटरी में चयनित बुजुर्गों को यात्रा का लाभ दिया जाएगा। साथ ही वेटिंग लिस्ट के कुछ यात्रियों को भी बुलाया जाएगा। मुख्य सूची में से बुलाए गए यात्रियों के नहीं आने पर इन्हें यात्रा का मौका दिया जाएगा।इसके लिए देवस्थान विभाग मुख्यालय उदयपुर की ओर से इस संबंध में सभी सहायक आयुक्त को अनुरक्षक (तीर्थ यात्रियों की सार-संभाल करने वाले कर्मचारी) की सूची भी मांगी है। देवस्थान विभाग सहायक आयुक्त, जयपुर रतनलाल योगी ने बताया कि अब तक बुजुर्गों को निशुल्क तीर्थ कराने के लिए चार ट्रेन जा चुकी है। इनमें से दो ट्रेन रामेश्वरम्, एक-एक जगन्नाथपुरी और गंगासागर जा चुकी है। रामेश्वरम् की एक ट्रेन को छोड़कर तीन ट्रेन में जयपुर के सीनियर सिटीजन्स को तीर्थ का लाभ मिला। बता दें कि इस साल इस योजना में 18 हजार यात्री ट्रेनों से और 2 हजार यात्री हवाई जहाज से यात्रा करेंगे।

70,745 ने किया था आवेदन

कुल 20 हजार सीटों के मुकाबले प्रदेश में 70,745 वरिष्ठ नागरिकों ने आवेदन किया था। इस तरह एक सीट पर प्रदेश में 9 दावेदार थे, लॉटरी में हुए चयन के बाद विभाग ने वेटिंग लिस्ट का ऑप्शन भी रखा है।

पंत कृषि भवन में राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रियल डवलपमेंट बोर्ड की प्रथम बैठक

प्रदेश की मजबूती के लिए सशक्त किसान जरूरी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रियल डवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष श्री रामेश्वर डूडी ने कहा कि प्रदेश को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए किसान का सशक्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड सरकार को किसानों के हित में सुझाव देगा जिससे अधिक से अधिक किसानों की वृद्धि हो सकें।

डूडी पंत कृषि भवन में राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रियल डवलपमेंट बोर्ड की प्रथम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा उन कार्यक्रमों में किसानों से बहुत सारे सुझाव प्राप्त हुए, बोर्ड उन सुझावों पर चर्चा कर सरकार को आगे किसानों के हित में प्रस्ताव भेजेगा।डूडी ने किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलवाने के उद्देश्य से राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 में किसान की परिभाषा बदलने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बनाई गई इस नीति में जो भी विसंगतियां हैं उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। डूडी ने कहा कि बोर्ड का लक्ष्य है कि आगामी समय में अधिक से अधिक किसान को इस पॉलिसी से जोड़कर किसान को सशक्त बनाया जाए। बैठक में बोर्ड की उपाध्यक्ष सुचित्रा आर्या ने कहा कि छोटे काश्तकारों को इस नीति से लाभ लेने में आ रही बाधाओं एवं समस्याओं का सरलीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए तथा विभिन्न मीडिया के माध्यम से राजस्थान कृषि प्रसंस्करण नीति 2019 का प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने राज्य में उत्पादित प्रमुख फसलें जैसे जीरा, धनिया, ईसबगोल पर जी आई टेग दिलवाने पर जोर दिया जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी।

ANCHOR | प्रयोग सफल रहा तो सभी निकायों में करेगा जेडीए

अब एक संवेदक संवारेगा दो पार्क

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

30 करोड़ हर वर्ष खर्च होते हैं पार्कों के रख-रखाव पर
90 पार्कों को संवारने का जिम्मा है जेडीए के पास
925 पार्कों की देखरेख है दोनों नगर निगम के पास

जयपुर। पार्कों के रख-रखाव में मिल रही अनियमितता देखते हुए जेडीए अब एक संवदेक को अधिकतम दो पार्क ही संवारने के लिए देगा। जो नए टेंडर जारी किए जाएंगे, उनकी शर्तों में संशोधन करेगा। जेडीए अधिकारियों ने बताया कि ऐसा करने से काम की गुणवत्ता में सुधार होगा। यदि प्रयोग सफल रहा तो इसे राज्य के बाकी प्राधिकरण और निकायों में भी लागू किया जाएगा। दरअसल, संवेदक मिलीभगत कर बेसिक शेड्यूल और रेट्स (बीएसआर) से 40 फीसदी कम पर काम ले लेते हैं। जेडीए के अधिकतर पार्कों का रख-रखाव का जिम्मा दो-तीन संवेदकों के पास ही है। सेंट्रल पार्क में वीआइपी लोगों की

आवाजाही के कारण संवदेक इसी पर पूरा फोकस रखते हैं। बाकी पार्कों पर ध्यान नहीं देते और न ही यहां कर्मचारी लगाते हैं। जबकि, प्रति हैक्टेयर पर दो कर्मचारी लगाए जाने का प्रावधान है।

शपथ पत्र भी देना होगा

एक संवेदक को दो से अधिक पार्कों के संधारण का काम नहीं दिया जाएगा। उसे शपथ पत्र में संसाधनों के बारे में जानकारी देनी होगी।
-महेश तिवाड़ी, सलाहकार, उद्यान शाखा, जेडीए

इसलिए हो रही हड़बड़ी

- ओपन कैमरा फोटोग्राफी व्यवस्था लागू की, लेकिन उसमें भी तारीख में बदलाव कर पुराने फोटो ही लगाना शुरू कर दिए।
- प्रति माह 10 बार पौधों में पानी देने का प्रावधान है, लेकिन संवेदक पानी देने में कोताही बरतते हैं।
- नगर निगम में तो 12 से 15 माह बाद भुगतान होता है। ऐसे में काम का सत्यापन भी नहीं हो पाता।

सम्पादकीय

अध्यक्षता से उम्मीद

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से जी-20 का बाली शिखर सम्मेलन भारत के लिए काफी अहम रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं, हम सब भारतीयों ने उस वक्त गौरवान्वित महसूस किया, जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने समापन समारोह में भारत को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी। राष्ट्रपति विडोडो बधाई के पात्र हैं कि उनकी अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन का समापन सफलतापूर्वक हुआ। भारत आगामी 4 दिसंबर से अपना कार्यभार संभालने जा रहा है और अगले एक साल में वैश्विक समस्याओं के समाधान में अपनी विशेषज्ञता वह विश्व से साझा कर सकेगा। हालांकि, इंडोनेशिया की इस जी-20 बैठक की एकमात्र यही उपलब्धि नहीं है। बाली शिखर सम्मेलन की सबसे बड़ी सफलता यूक्रेन युद्ध के खिलाफ आम सहमति बनना है। इसका अर्थ है कि बतौर सदस्य राष्ट्र रूस भी इस तथ्य से सहमत है। इससे परिस्थिति काफी दिलचस्प बन गई है। विश्व को युद्ध से बचाना काफी जरूरी है। यही कारण है कि शिखर सम्मेलन में मौजूद सभी नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि युद्ध का विश्व-व्यवस्था में कोई स्थान नहीं। यदि जंग चलती रही, तो प्रमुख वैश्विक समस्याओं का समाधान और जटिल हो जाएगा। भारत की भी यही चिंता थी कि यह युग युद्धों का नहीं है, इसलिए इससे हमें बचना होगा। सुखद है कि जी-20 के घोषणापत्र में लगभग सभी प्रमुख वैश्विक मसलों का जिक्र किया गया है, इसलिए इसमें जो वैश्विक सहमति दिखाई दे रही है, वह नई विश्व- व्यवस्था को लेकर उम्मीद जगाती है। भारत को इसके आधार पर आगे बढ़ना चाहिए और कुछ नई पहल के साथ इसका नेतृत्व संभालना चाहिए।

'जी-20 का इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था। यह बेशक ऐसा समूह है, जिसने अमूमन वैश्विक आर्थिक संकट के समय समाधान पेश किया है, लेकिन अब इसका दायरा बहुत बढ़ गया है। कुछ आंतरिक चुनौतियों से भी यह जूझ रहा है। जैसे, बाली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिरकत नहीं की। और तो और, इस बार संयुक्त घोषणापत्र भी काफी ऊहापोह के बाद जारी हो सका। फिर, रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में इस संगठन के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल, कोई एक संगठन अब विकराल हो चुकी वैश्विक समस्याओं का निदान नहीं निकाल सकता। इसके लिए सामूहिक प्रयास की दरकार होती है। जी-20 समूह के पास कोई वैधानिक ताकत भी नहीं है, वह तो सिर्फ प्रस्ताव पारित कर सकता है। ऐसे में, भारतीय प्रधानमंत्री ने उचित ही मास्को और कीव से संघर्ष-विराम पर सहमति बनाने तथा विवादों का समाधान बातचीत व कूटनीति के जरिये करने की बात कही। जी-20 के सदस्य देश चाहें, तो वे यहां एक दबाव-समूह के तौर पर काम कर सकते हैं। जाहिर है, अगले एक साल के लिए नई दिल्ली को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक तरफ, जी-20 के भीतर ही सदस्य देशों में बढ़ रहे तनाव व नई विश्व-व्यवस्था को लेकर कुछ सदस्यों की विस्तारवादी सोच से भारत को जूझना होगा, तो दूसरी तरफ, वैश्विक तनाव, बिगड़ती अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, बहुपक्षवाद का वकालत करने वाली वैश्विक संस्थाओं की निष्क्रियता, महामारी जैसी समस्याओं से भी उसे पार पाना होगा। इसमें जरूरत होगी नई सोच, नई नीति, प्रभावी नेतृत्व और वैश्विक आम राय की।

वसुधैव कुटुंबकम्? थीम पर आधारित भारत की अध्यक्षता निश्चय ही इसमें मददगार साबित हो सकेगी। भारत इस संगठन के जरिये 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' का संदेश देना चाहता है। इसमें वैश्विक कल्याण और विश्व शांति की अपेक्षा की गई है।

कोविड के बाद भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) का 53वां संस्करण अपने जीवंत अवतार में वापस लौट आया है। वर्तमान दौर में इफ्फी कला और फिल्म जगत में सीमाओं को मिटा रहा है और विभिन्न फिल्म संस्कृतियों को आपस में सहयोग करने की संभावनाओं का पता लगाने का अवसर दे रहा है।

कला और सिनेमा की सीमाओं को मिटा रहा फिल्म समारोह

श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

हाल के दौर में सरकार ने ऐसे संकेत भी दिए हैं कि वह हमारे देश के लोगों की प्रतिभा और हमारे उद्योग जगत की हस्तियों के नवाचार के दम पर फिल्मों की शूटिंग व पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए भारत को सबसे पसंदीदा केंद्र बनाना चाहती है।

पूरी दुनिया की बेहतरीन फिल्मों और इसके उत्कृष्ट रचनाकारों को एक प्लेटफॉर्म पर लाने वाले भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के 53वें संस्करण की शुरुआत गोवा के पणजी में हो चुकी है। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और एंटरटेनमेंट सोसायटी ऑफ गोवा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस फिल्म फिएस्टा के इस संस्करण में 79 देशों की 280 बेहतरीन फिल्में दिखाई जा रही हैं। भारत के सबसे बड़े फिल्म महोत्सव के भारतीय पैनोरमा खंड में प्रविष्टियों की एक विस्तृत श्रृंखला के तहत 25 फीचर और 20 गैर-फीचर फिल्में दिखाई जाएंगी। यह देखना बड़ा दिलचस्प है कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन ऐसे दौर में हो रहा है, जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हाल के दौर में सरकार ने ऐसे संकेत भी दिए हैं कि वह हमारे देश के लोगों की प्रतिभा और हमारे उद्योग जगत की हस्तियों के नवाचार के दम पर फिल्मों की शूटिंग व पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए भारत को सबसे पसंदीदा केंद्र बनाना चाहती है। जैसा कि केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इफ्फी के लिए उनका विजन सिर्फ एक आयोजन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इस बात से भी संबंधित है कि इफ्फी का स्वरूप उस समय क्या होना चाहिए जब अमृत महोत्सव से अमृत काल में प्रवेश करने के बाद भारत अपनी आजादी के 100वें वर्ष का उत्सव मनाएगा! हमारा लक्ष्य क्षेत्रीय फिल्म महोत्सवों का स्तर बढ़ाकर भारत को कंटेंट सृजन, विशेषकर क्षेत्रीय सिनेमा का एक पावरहाउस बनाना है।'

दरअसल अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह युवा और स्थापित फिल्म निर्माताओं को अपना नेटवर्क बनाने, अपने विचार पेश करने, आपस में सहयोग करने और सिनेमा की दुनिया से सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्राप्त करने के लिए अद्वितीय अवसर और अभूतपूर्व संभावनाएं प्रस्तुत कर रहा है। सिनेमा किसी भी देश की समृद्ध संस्कृति, विरासत, धरोहर, आशाओं एवं सपनों, आकांक्षाओं, महत्वाकांक्षाओं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से इतिहास के किसी विशेष समय में वहां के लोगों की सामूहिक अंतरात्मा के संगम को पेश करता है और तराशता है। एशिया के इस सबसे पुराने फिल्म महोत्सव के माध्यम से सिने प्रेमियों को भारतीय और वैश्विक सिनेमा की नवीनतम प्रवृत्तियों की झलक मिलती है। साथ ही, दूसरे देशों के साथ अपने मजबूत संबंधों का सम्मान करने के लिए 'कंट्री ऑफ फोकस' वर्ग भी रखा जाता है। इस बार इस वर्ग में फ्रांस के प्रतिनिधि सिनेमा को स्थान दिया गया है। इस साल भारत-फ्रांस संबंधों के 75 साल पूरे हो रहे हैं, जिसे दोनों देशों के नेताओं- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच एक बैठक के जरिए रेखांकित किया गया और भारत इस वर्ष फेस्टिवल डी कान में कंट्री ऑफ ऑनर था। 75वें कान फिल्म समारोह में मार्श डी फिल्म्स में भारत के 'कंट्री ऑफ ऑनर' की भावना को जारी रखते हुए इफ्फी के 53वें संस्करण में 'कंट्री ऑफ फोकस' के रूप में फ्रांस को शामिल किया गया।

फिल्म समारोह में पिछले साल 'क्रिएटिव माइंड्स' का सेक्शन भी रखा गया था। इस बार इसके दूसरे संस्करण में, निर्देशन, संपादन, पार्श्व गायन, पटकथा लेखन, एनिमेशन और अभिनय जैसी 10 श्रेणियों में एक प्रतिष्ठित जूरी ने एक कठोर प्रक्रिया के बाद लगभग 1000 प्रविष्टियों में से 75 'क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' का चयन किया। इनमें लाइफटाइम अवार्डी, एनएफए, ग्रैमी और ऑस्कर विजेता शामिल हैं। ये रचनाकार 19 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जैसे जयंतिया हिल्स (मेघालय), लखीमपुर (असम), खोरदा (ओडिशा) और उनमें से सबसे कम उम्र 18 वर्ष है। वैसे इफ्फी के इस संस्करण में प्रमुख मणिपुरी फीचर फिल्मों और गैर-फीचर फिल्मों के विशेष रूप से तैयार किए गए पैकेज को प्रदर्शित करके मणिपुरी सिनेमा के 50 साल पूरे होने का उत्सव मनाया जाएगा।

इफ्फी के साथ ही फिल्म बाजार का आयोजन भी किया जाता है। पहली बार आईएफएफआई ने कंट्री पवेलियन की शुरुआत करके फिल्म बाजार का दायरा बढ़ाया है। पहली बार आईएफएफआई में सिनेमा की दुनिया के नवीनतम प्रयोगों को प्रदर्शित करने के लिए एक टैक्नोलॉजी सेंटर भी कायम किया गया है।

कोविड के बाद इफ्फी का यह 53वां संस्करण अपने जीवंत अवतार में वापस लौट आया है। इफ्फी कला और फिल्म जगत में सीमाओं को मिटा रहा है और विभिन्न फिल्म संस्कृतियों को एक दूसरे के साथ जुड़ने तथा सहयोग करने की संभावनाओं का पता लगाने का अवसर दे रहा है। प्रधानमंत्री ने भी इफ्फी को एक ऐसे फिल्म महोत्सव के रूप में वर्णित किया है, जो सिनेमा द्वारा एकजुट किए गए विभिन्न राष्ट्रों व समाजों के प्रतिनिधियों के बीच तालमेल को बढ़ावा देता है। 53वें इफ्फी में वह सब कुछ है जो एक फिल्म प्रेमी को चाहिए- 75 क्रिएटिव यंग माइंड्स, मास्टरक्लासेस, बॉक्स ऑफिस फ्लेवर, फिल्म बाजार और वैश्विक सिनेमा। सह-निर्माण संबंधी समझौतों को प्रोत्साहन, फिल्मों से जुड़ी सिंगल विंडो सुविधा की सुव्यवस्था, एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक) की विशाल क्षमताओं के दोहन जैसी विभिन्न पहल के माध्यम से आगे बढ़ते हुए भारत को दुनिया के कंटेंट प्रोडक्शन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार है)

ओपिनियन

लड़की हो, लड़का बनने की कोशिश मत करो

सन्तोष मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

पिछले दिनों एक जानकार के घर में एक ऐसा नजारा देखा तो फौरन अपनी नानी याद आ गई। जानकार की बेटी बैडमिंटन खेलकर आई और हमारे साथ चेयर में धम्म से बैठ गई। थक कर आई थी तो पैर फैलाकर बैठ गई और मम्मी को गुस्सा आ गया। कैसे शोर करके बैठती हो? ठीक से बैठो, जेंडर अप्रोप्रिएट (अपने जेंडर के हिसाब से) बिहेव करो। यानी लड़कियों की तरह व्यवहार करो। बच्ची के चेहरे पर गुस्से का भाव था क्योंकि एक तो उसे यह पसंद नहीं आया कि उठने-बैठने से जेंडर का क्या लेना-देना और दूसरा मेहमानों के सामने ये ताना झेलना पड़ा।

हम में से अधिकतर महिलाएं जानती होंगी लेकिन एक बार जरा समझें कि आखिर ये जेंडर अप्रोप्रिएट बिहेवियर से क्या मतलब है बच्ची की मम्मी का। तो अगर आपका जेंडर फीमेल है यानी अगर आप लड़की के रूप में पैदा हो ही चुकी हैं तो आपके लिए जन्म से लेकर मरने तक के नियम कायदे तय किए गए हैं। सबसे पहले तो इसी बात की खुशी मना लीजिए अगर आपके पैदा होने पर आपका परिवार खुश हुआ था। ये उनकी ऊंची सोच थी कि आपके जन्म पर जश्न मनाया गया था तो इस बात का अहसान मनाइए। लेकिन चूंकि आप हैं तो लड़की ही, तो आपको बचपन से लक्ष्मी आई है लक्ष्मी आई है बोल कर देवी का दर्जा दिया जाएगा। वैसे तो इंसान

गलतियों का पुतला है कहा जाता है, लेकिन वह आपके लिए लागू नहीं है। आप देवी हैं तो आपसे उम्मीद है कि आप बिल्कुल देवियों जैसा व्यवहार करेंगी। आप पर पूरे खानदान की इज्जत को संभालने का बोझ है तो उस खानदान की नाक की खातिर न तो आप ऊंचा बोलेंगी, ना किसी से बहस करेंगी। अरे ऐसे कैसे जोर जोर से हंसने लगी? हर बात का जवाब क्यों देने लगती हो? लड़कियां ऐसे नहीं बोलतीं। और ये क्या, पूरे कपड़े पहन कर आओ। बड़ी हो गई हो ये फ्रॉक या स्कर्ट पहनने के दिन गए अब तुम्हारे। स्कूल आते जाते कोई लड़का देखेगा तो क्या सोचेगा? फिर शिकायत करोगी कि छेड़ दिया। लड़कों की नजर में पड़ना ही क्यों है। चुपचाप स्कूल जाओ और आओ। और हां, रोड में चलते वक्त शरीफ लड़कियां पीछे मुड़कर नहीं देखतीं। पढ़ने भेजा है, लेकिन शादी के बाद पढ़ाई या नौकरी करनी है या नहीं ये तुम डिसाइड नहीं करोगी, समझी ना? हमने पढ़ा लिखा दिया है, बाकी ससुराल वाले जानें कि तुम्हें क्या करना है। और खाना पकाना तो सीख लो, वरना हमारी नाक कटवा दोगी ससुराल में कि लड़की को ये तक नहीं सिखाया।

हैरानी की बात ये है कि लड़कियों के लिए बनाए गए दादी और नानी के जमाने के नियम कायदे आज भी घरों में कायम है। हालांकि अधिकतर घरों में लड़का या लड़की के बीच भेदभाव की खाई भर चुकी है लेकिन अब भी इनमें से कई कायदे सिर्फ लड़कियों के लिए हैं। घर का काम सीखने में कोई बुराई नहीं, अपने आसपास के लोगों से तमीज से बात करना भी सामान्य सामाजिक व्यवहार है, लेकिन फिर ये सब जेंडर अप्रोप्रिएट कैसे हुआ? लड़कियों के लिए बने सारे नियम लड़कों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए बनाए गए लगते हैं। अगर ये सब नियम जरूरी हैं तो फिर लड़कों के लिए क्या बस यही नियम है कि लड़के रोते नहीं, मर्द को दर्द नहीं होता वगैरह। लड़कों को बचपन से ये नियम कौन सिखाएगा कि बेटा घर से बाहर निकलकर दोस्तों के बीच मां बहन की गालियां मत देना, दूसरी लड़कियों से इज्जत से बात करना, उन्हें छेड़ना मत, उनकी मर्जी का खयाल रखना, कभी किसी लड़की से बदतमीजी या ज्यादती मत करना। घर का काम करना सीखना ताकि अपनी जिंदगी आसान हो सके। काश पैरेंट्स लड़कों को बचपन से नियम कायदे सिखाना शुरू कर दें तो लड़कियों का जीवन आसान और खुशहाल हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

आरक्षण : इधर कुआं उधर खाई

दिलीप शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

ईडब्लूएस आरक्षण पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसके बाद कई राज्यों ने आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से अधिक करने की पहल की है और केंद्र से उसमें सहयोग मांगा है। पिछले हफ्ते झारखंड ने अपने यहां आरक्षण की सीमा 77 फीसदी कर दी। इसमें एससी-एसटी, ओबीसी और ईबीसी- यानी एक्स्ट्रीम बैकवर्ड क्लास का हिस्सा 67 फीसदी है, साथ में 10 फीसदी ईडब्लूएस का। हालांकि यह प्रभावी तभी होगा, जब केंद्र सरकार इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करेगी। झारखंड सरकार ने केंद्र से इसकी अनुशंसा की है।

ईडब्लूएस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के हफ्ते भर के अंदर कई राज्यों ने आरक्षण बढ़ाने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी केंद्र से 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को हटाने की मांग की है। बीते दिनों बिहार में सत्तारूढ़ सात-दलीय महागठबंधन के दो घटकों ने नीतीश कुमार से 23 नवंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में एक कानून लाने के लिए कहा, जिसमें आरक्षण को 50 से बढ़ाकर 77 फीसदी तक किया जा सके। उधर, राजस्थान में भी ओबीसी कोटे को 21 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की मांग उठी है। दरअसल ईडब्लूएस पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले में भले ही आर्थिक आधार पर कमजोर वर्ग को दिए गए 10 फीसदी आरक्षण से पहले से आरक्षित वर्गों को दूर रखा गया, मगर यह बात भी साफ हो गई कि आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को पार भी किया जा सकता है। राजस्थान में गुर्जर, हरियाणा में जाट, गुजरात में पाटीदार और महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग पहले भी उठती रही है और राज्य सरकारें इसके लिए कोशिश भी करती रही हैं। 2019 में ईडब्लूएस आरक्षण को जब संविधान में शामिल किया गया, उसके बाद राजस्थान ने गुर्जर और चार अन्य जातियों को 5 फीसदी आरक्षण दिया तो मध्य प्रदेश ने अपना ओबीसी कोटा 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया। दोनों ही मामलों में कुल आरक्षण 64 से 70 फीसदी तक बढ़ गया। वहीं जिन राज्यों में बीजेपी विपक्ष में है, वहां वह भी 50 फीसदी की सीमा को पार करने के पक्ष में ही दिख रही है, हालांकि उसका कहना है कि इस मामले में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मगर समस्या यह है कि पहले जब राज्यों की ओर से ऐसे कदम उठाए गए तो अदालत ने उन्हें 50 फीसदी की अधिकतम आरक्षण सीमा का हवाला देते हुए नामंजूर कर दिया। अब अगर राज्य अपने नए कोटा कानूनों पर संवैधानिक संशोधन के लिए केंद्र को झारखंड जैसी ही अनुशंसा देनी शुरू करते हैं, तो सरकार के सामने कठिन स्थिति आ जाएगी।

जबरन न हो धर्मांतरण

आर.एस. शर्मा
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों जबरन धर्मांतरण पर सख्त रुख दिखाते हुए इसे गंभीर मसला करार दिया और सरकार से एक सप्ताह के अंदर यह बताने को कहा कि वह ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए किस तरह के कदम उठा रही है। कोर्ट ने ठीक ही ध्यान दिलाया कि लालच देकर या किसी उपाय से मजबूर करके करवाया जाने वाला धर्मांतरण न केवल देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है बल्कि नागरिकों को संविधान से मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को भी बाधित करता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की यह बात भी गौर करने वाली रही कि खासकर देश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इस तरह की काफी घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसे मामलों में आदिवासियों को इस बात का अहसास भी नहीं होता कि उनके साथ कोई साजिश हो रही है और उनके अधिकारों और अंतःकरण की उनकी स्वतंत्रता पर डाका डाला जा रहा है। वे यही समझते हैं कि सब कुछ उनकी मदद के लिए किया जा रहा है। चूंकि सरकार को इन साजिशों की काफी हद तक जानकारी है, इसलिए यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वह इन्हें रोकने के लिए किस तरह के उपाय कर रही है या करने की उसकी योजना है। लेकिन जहां तक धर्मांतरण का सवाल है तो याद रखना चाहिए कि यह जितना संवेदनशील है, उतना ही जटिल भी है। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देश से भी स्पष्ट है कि डर या लालच के जरिए होने वाला धर्मांतरण नागरिकों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को भी बाधित करता है। यानी लोगों को धर्मांतरण के लिए लालच देने या उन्हें डराने धमकाने की प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कोशिशों को रोकना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना भी है कि नागरिकों को अपने विवेक से स्वैच्छिक धर्मांतरण की आजादी पर किसी तरह का खतरा न महसूस हो। यह सावधानी इसलिए भी जरूरी है क्योंकि हाल के वर्षों में समाज में धर्मांतरण को लेकर जो विमर्श उभरा है, उसमें ज्यादा जोर धर्मांतरण रोकने पर है।

स्वैच्छिक धर्मांतरण की स्वतंत्रता कायम रखने का वैसा आग्रह नहीं दिखता है। यह भी याद रखने की जरूरत है कि अगर विभिन्न धर्मों के अनुयायियों में अपने अपने धर्मों की सर्वोच्चता का भाव असहिष्णुता की हदों को छूने लगता है तो विभिन्न धर्मों की खूबियों और कमियों पर स्वस्थ बहस की संभावना बाधित होती है। एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष समाज के लिए स्वस्थ बहस की इस जमीन को सुरक्षित बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। निश्चित रूप से इसमें प्राथमिक भूमिका समाज के लोकतांत्रिक और प्रगतिशील तत्वों की ही बनती है।

सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

भक्त कहता है संसार भगवान का ऐश्वर्य है। भगवान हृदय के भीतर भी है और बाहर भी। वे ही जीव जगत बने हैं। योगी जीवात्मा और परमात्मा के योग को मानता है। योग द्वारा परमात्मा को पाने की चेष्टा करता है। योगी विषयों से मन को खींचकर परमात्मा मं लगाने का प्रयास करता है। ब्रम्ह ज्ञानी होते हैं ब्रम्ह निष्क्रिय है। सृष्टि स्थिति प्रलय जीव जगत यह सब माया (शक्ति) का खेल है जो विचार करने पर स्वप्न के समान जान पड़ता है। किंतु भक्त भगवान के साकार रूप, उनके शक्ति रूप को सत्य मानकर उसकी आराधना करता है।

वास्तव में ब्रम्ह और शक्ति एक ही है, जैसे अग्नि और उसकी दाहिका शक्ति, दूध और उसकी धवलता आदि। जो नित्य है वही लीला है। भक्त का यह विश्वास होता है कि मैं एक अलग सत्ता हूँ तथा संसार एक अलग सत्ता है। भक्त के निकट ईश्वर 'व्यक्ति' के रूप में है। ज्ञानी सिर्फ 'नेति नेति' विचार करता है। विचार से उसे यह बोध होता है कि मैं मिथ्या हूँ, जगत भी मिथ्या है। **क्रमशः**

वर्ल्ड क्लिक

इस पालक की पैदावार टोक्यो में होती है। इस पत्तेदार सब्जी को विकसित करने के लिए गहन देखभाल और कई सालों के धैर्य की जरूरत होती है। इसकी कीमत 13 डॉलर प्रति पाउंड है, यानी भारतीय मुद्रा में 1 किलो पालक खरीदने के लिए आपको एक हजार रुपये खर्च करने होंगे।

जागरूक जनता Selfie विद डॉटर

किट्टू डॉटर अंजली, दौसा

हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

पंचांग

ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 23/11/2022

सूर्योदय : 07:00 **सूर्यास्त :** 17:18 **चन्द्रोदय :** 06:01 **चन्द्रास्त :** 16:51 **शक सम्वत :** 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना :** कार्तिक **पूर्णिमांत :** मार्गशीर्ष **सूर्य राशि :** वृश्चिक **चन्द्र राशि :** तुला **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** अमावस्या, 28:24 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत :** 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द **चन्द्रमास मार्गशीर्ष :** पूर्णिमान्त **कार्तिक :** अमान्त

नक्षत्र, योग, करण

नक्षत्र : विशाखा, 21:27 तक
योग : शोभना, 15:33 तक
प्रथम करण : चतुष्पदा, 17:39 तक
द्वितिय करण : नागा, 28:24 तक

शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त	05:03 ए एम से
प्रातः सन्ध्या	05:29 ए एम से
विजय मुहूर्त	01:53 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त	05:22 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या	05:25 पी एम से
अमृत काल	01:24 पी एम से
निशिता मुहूर्त	11:41 पी एम से
सर्वार्थ सिद्धि योग	09:37 पी एम से
अमृत सिद्धि योग	09:37 पी एम से

निवास और शूल
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : केतु, सूर्य
कुंभ चक्रः कण्ठ

चौघड़िया

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया
लाभ	: 06:59 - 08:16	उद्वेग : 05:17 - 07:00
अमृत	: 08:16 - 09:33	शुभ : 07:00 - 08:43
काल काल वेला	: 09:33 - 10:51	अमृत : 08:43 - 10:26
शुभ	: 10:51 - 12:08	चर : 10:26 - 12:08
रोग वार वेला	: 12:08 - 01:25	रोग : 12:08 - 01:51
उद्वेग	: 01:25 - 02:43	काल : 01:51 - 03:34
चर	: 02:43 - 04:00	लाभ : 03:34 - 05:17
लाभ	: 04:00 - 05:17	उद्वेग : 05:17 - 07:00

अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।

आज अमावस्या

आज कौन सा कार्य करें

अमावस्या को पितृ कार्य और शल्य क्रिया करके उनमे सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

बुधवार को क्या करें

बुधवार की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

ये कार्य करें :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

यह कार्य न करें:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

नोट : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

राशिफल

मार्गशीर्ष, कृष्ण, अमावस्या, 2079 बुधवार, 23 नवम्बर - 29 नवम्बर, 2022

मेष [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

तुला [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी।

वृषभ [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा।

वृश्चिक [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा।

मिथुन [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

धनु [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा।

कर्क [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे।

मकर [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

सिंह [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। या?त्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

कुंभ [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

कन्या [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है।

मीन [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

18 साल बाद जयपुर में एबीवीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन 25 से

मानगढ़ और हल्दीघाटी की मिट्टी लेकर जयपुर पहुचेंगी दो यात्राएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 25 नवम्बर से जयपुर में होगा। यह अधिवेशन 27 नवम्बर तक चलेगा। राजस्थान में 18 साल बाद एबीवीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। इससे पहले 2004 में जयपुर में यह अधिवेशन हुआ था। एबीवीपी हर साल अपना राष्ट्रीय अधिवेशन अलग-अलग प्रांत में करती है। पिछले साल यह जबलपुर में हुआ था। उससे पहले नागपुर में हुआ था। एबीवीपी भाजपा का छात्र संगठन है, यह इसका 68वां अधिवेशन होगा।

एबीवीपी का यह अधिवेशन सीतापुरा स्थित जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में होगा। एबीवीपी के पदाधिकारियों के लिए यूनिवर्सिटी कैम्पस में महाराणा प्रताप नगर बनाया गया है। जेईसीआरसी प्रशासन ने 18 से 28 नवम्बर तक यूनिवर्सिटी की छुट्टियां घोषित कर दी हैं। एबीवीपी के इस अधिवेशन में एबीवीपी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही और राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुल्क जयपुर में पदभार ग्रहण करेंगे। इसके अलावा अधिवेशन में 27 नवम्बर को यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार 2022 दिया जाएगा। यह पुरस्कार महाराष्ट्र के नंदकुमार पालवे को दिया जाएगा। एबीवीपी के इस अधिवेशन में देशभर से एबीवीपी के 40 से ज्यादा प्रांतों से जुड़े 1500 से ज्यादा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल होंगे। एबीवीवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर पूरी कार्यकारिणी इसमें शामिल होगी।

योग गुरु रामदेव 25 को, धर्मेंद्र प्रधान 27 को शामिल होंगे

एबीवीपी के जयपुर में होने वाले इस अधिवेशन की तैयारियां चल रही हैं। इससें मुख्य अतिथि के रूप में योग गुरू बाबा रामदेव शामिल होंगे। इस अधिवेशन में बाबा रामदेव की मौजूदगी में समसामयिक स्थिति पर चर्चा, संगठनात्मक लक्ष्यों का निर्धारण और देशभर से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। 27 को होने वाले पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान होंगे। उनकी मौजूदगी में यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार दिया जाएगा।

24 को जयपुर पहुंचेगी दो यात्राएं

अधिवेशन से पहले एबीवीपी राजस्थान में दो एतिहासिक स्थलों से अपनी यात्रा निकालेगी। ये यात्राएं मानगढ़ धाम और हल्दीघाटी से निकालेगी। ये यात्राएं 24 नवम्बर को जयपुर पहुंचेगी। इसके बाद 25 नवम्बर से अधिवेशन शुरू होगा। इसमें अलग-अलग प्रांतों से जुड़े एबीवीपी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

मानगढ़-हल्दीघाटी की मिट्टी के पैकेट पदाधिकारियों को देंगे

मानगढ़ से निकलने वाली यात्रा बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़,कोटा, बूंदी और टोंक होते हुए उदयपुर पहुंचेगी। वहीं हल्दीघाटी से शुरू होने वाली यात्रा नाथद्वारा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़ और दूदू होते हुए जयपुर पहुंचेगी। मानगढ़ और हल्दीघाटी से पवित्र माटी के पैकेट लाए जाएंगे। ये पैकेट अधिवेशन में आने वाले पदाधिकारियों को दिए जाएंगे।

भाग्य कारक ग्रह गुरु स्वराशि में गुरुवार को होंगे मार्गीय

धन, व्यापार और कॅरियर में वृद्धि कारक रहेंगे बृहस्पति

जयपुर @ जागरूक जनता। नवग्रहों में सबसे मजबूत और भाग्य कारक ग्रह गुरु स्वराशि मीन में मार्गी (यानि सीधी चाल से) चलने से गुरुवार से विशेष योग-संयोग का निर्माण होगा। ज्योतिषविदों के मुताबिक इसी दिन मध्यरात्रि में रात 12.15 बजे सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य के कारक ग्रह शुक्र पश्चिम दिशा में उदय होगा। इससे मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी। वहीं गुरु के स्वराशि मीन में सुबह 4.35 बजे मार्गी होने पर हंस पंच महापुरुष नाम का योग बनेगा।

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री के मुताबिक देवगुरु बृहस्पति (गुरु) को ज्ञान, संतान, शिक्षा, धार्मिक कार्य, पवित्र स्थल, धन, दान, पुण्य और वृद्धि का कारक कहा जाता है। वृषभ, कर्क, कन्या, वृश्चिक, कुंभ राशि के जातकों को कई फल मिलेंगे। हंस पंच महापुरुष योग धन, व्यापार और कॅरियर में वृद्धि कारक साबित होगा। मौसम में तेज सर्दी के साथ ही सोने-चांदी की कीमतों में तेजी रहेगी।

लीजर इन ग्रैंड चाणक्य होटल में हुई केक मिक्सिंग सेरेमनी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। फेस्टिव सीजन क्रिसमस सेलिब्रेशन के मद्देनजर लीजर इन ग्रैंड चाणक्य होटल में शनिवार को उत्साह के साथ केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस सालाना जश्न में लीजर इन ग्रैंड चाणक्य होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर मुरली ओधरानी, रीजनल डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशन-इंडिया गोविंद श्रीवास्तव, जनरल मैनेजर राहुल गिल व फूड एंड बेवरेज हैड शान सिद्दीकी समेत स्टॉफ व अन्य खास मेहमान भी खासतौर से शामिल हुए।

होटल की लॉबी को क्रिसमस थीम पर रेड एंड व्हाइट कलर से रोशनतर किया गया। मशहूर एग्जीक्यूटिव शेफ दिनेश सती के नेतृत्व में क्रिसमस केक मिक्सिंग में कई प्रकार के सैफ एंड हेल्दी इंग्रीडिएंट्स मिलाए गए। क्रिसमस केक के लिए फ्रूट मिक्सचर के दौरान खुशियों से सराबोर माहौल में सभी लोगों ने एप्रन, गल्वज और सांता कैप्स पहनीं। फिर केक के मिश्रण के लिए किशमिश, रेड चेरी, ऑरेंज पील, टूटी फ्रूटी, ब्लैक करैंट्स, खजूर, अंजीर, सूखे एपरिकोट्स, और प्रून जैसे ड्राय फ्रूट्स को एक बड़े कन्टेनर में नट्स और स्वादिष्ट मसालों के साथ डाला गया था। मेहमानों ने एक साथ मिलकर बड़े उत्साह और उमंग के साथ मिक्सिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। इसके बाद होटल के किचन स्टाफ ने इस मिक्सचर पर गोल्डन सिरप, शहद और वेनिला एसेंस डाला।

होटल के एग्जीक्यूटिव शेफ दिनेश सती ने बताया कि यूरोपीय रिवायत केक मिक्सिंग में मिक्सचर को क्रिसमस से पहले कई दिनों तक इसे बड़े कंटेनरों में एकत्र किया जाता है। इससे क्रिसमस सीजन का आगाज होता है।

प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

केकड़ी @ जागरूक जनता। रेगर महासभा केकड़ी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन यहां सावर रोड स्थित छात्रावास परिसर में गोपाल लाल वर्मा के मुख्य अतिथ्य में किया गया। समारोह की अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष संपत देवी झारोटिया ने की। विशिष्ट अतिथि छात्रावास अध्यक्ष ओमप्रकाश बड़ौला, पूरणमल झरोटिया, महावीर प्रसाद कांसोटिया, कैलाश देवतवाल भीलवाड़ा,ब्रजराज बोहरा ब्यावर, गोपीलाल मुंडेतिया शाहपुरा,आमली सरपंच शायरी देवी, किसान संघ अध्यक्ष महावीर रेगर मेंहरूकलां, रामस्वरूप सलावडिंया, मोहन लाल हिनोनिया,रामधन डिडवारिया, रामेश्वर गढ़वाल दुर्गा लाल रेगर गंगाराम रेगर सावर पंचायत समिति सदस्य सोनू देवी, प्रेमचंद बड़ौला व मोहन लाल रेगर आदि सहित मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रचार मंत्री ब्रजराज बोहरा ने कहा कि समाज में शिक्षा व जागरूकता का स्तर बढ़ने से समाज अब प्रगति की ओर बढ़ने लगा है वहीं समाजसेवी गोपीलाल मुंडेतियाशाहपुरा व पूर्व नर्सिंग अधीक्षक गोपाल लाल वर्मा ने कहा कि समाज अब शिक्षा का महत्व समझने लगा है जो कुरीतियो का त्याग कर उन्नति की ओर अग्रसर है यह हम सब के लिए अच्छा संदेश है। कार्यक्रम में सुरेश गढ़वाल, गोपाल लाल बदलोटिया, भेरूलाल वर्मा भंवरलाल बड़ोलिया मोहनलाल हिनोनिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए। डेटा कलेक्शन प्रभारी भंवरलाल बड़ोलिया ने बताया कि 75 प्रतिभावान छात्र छात्राएं व 32 सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी एवं 96 नवनियुक्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासभा के पारसमल कांसोटिया, जगदीश बड़ौला ओम प्रकाश बड़ौला, संपत लाल सुकंरिया, राम स्वरूप बांसोटिया, रमेश चंद झारोटिया, रामनिवास कांसोटिया, मोहनलाल हिनोनिया रामलाल उच्चैनिया, छोटू लाल मासलपुरिया आदि महासभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा बंधवा कर सम्मान किया।

---

23 दिन में होगी 17 बैठकें, 29 दिसम्बर को होगा समापन

संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा। शीतकालीन सत्र 29 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में 23 दिनों में 17 बैठकें होंगी। शीतकालीन सत्र का पहला दिन उन सांसदों की याद में स्थगित कर दिया जाएगा, जिनका हाल में ही निधन हुआ है। समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव इसमें शामिल हैं। ऐसी संभावना है कि, इस सत्र में कोविड प्रोटोकाल लागू नहीं होगा। साथ ही यह पला सत्र होगा जब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्य सभा के सभापति के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र की तारीखों के बारे में बताया कि, इस बार संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और यह 29 दिसंबर तक चलेगा। मानसून सत्र 2022, 18 जुलाई से 8 अगस्त के बीच में 22 दिन तक चला था। इस सत्र में 16 सेशन हुए थे।

सदन में रचनात्मक बहस की उम्मीद

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के दोनों सदनों का कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्षी दलों के सहयोग की उम्मीद करते हुए कहा कि, अमृत काल के बीच इस सत्र के दौरान विधायी कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। उन्हें सदन में रचनात्मक बहस की उम्मीद है।

सौफों पर बैठने से बचें

संसद भवन सचिवालय में संसदीय सौंध में रखे गए सौफों को लेकर सर्कुलर जारी किया है। जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों को आगाह किया गया कि, सौफों पर बैठने से बचें।

पहले भी दिसम्बर में हो चुका है शीतकालीन सत्र

शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। पर इस बार दिसम्बर माह में शुरू होने जा रहा है। वैसे 2017 और 2018 में सत्र का आयोजन दिसंबर में किया गया था।

■ रोटी, कपड़ा और मकान पर महंगाई का असर-शर्मा

जयपुर @ जागरूक जनता। सवाल करने की ताकत ही तरक्की का पहला कदम, यह कहना है भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा (रींगस) का। शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से 2014 के बाद से देश में महंगाई बढ़ी और आम आदमी महंगाई से त्रस्त हो रहा है फिर भी विपक्षी पार्टियों द्वारा केन्द्र सरकार पर दबाव नहीं बनाया जाता है। ये बहुत ही गंभीर विषय है। आम जनता को महंगाई से राहत दिलाने का प्रयास विपक्ष को मजबूती से करना चाहिए। जिससे आम आदमी को जिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उनमें कुछ हद तक राहत मिल पाए। क्योंकि मध्यम वर्गीय परिवारों को बहुत सी परेशानियों का सामना हर रोज करना पड़ रहा है। पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी हुई, उसका सीधा असर खाद्य पदार्थों एवं अन्य सामग्री पर भी पड़ा है। रोटी कपड़ा और मकान सभी पर महंगाई बढ़ी है। ऐसे में आम जनता के हितों की बात करना विपक्षी पार्टियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

■ सीबीएसई : सीटेट के ऑनलाइन पंजीयन 24 तक

अजमेर @ जागरूक जनता। सीबीएसई के तत्वावधान में केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के ऑनलाइन पंजीयन जारी हैं। अभ्यर्थी 24 नवम्बर तक पंजीयन और 25 नवम्बर तक फीस जमा करा सकेंगे। सीबीएसई केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा के 16वें संस्करण का आयोजन दिसंबर-जनवरी में करेगा। परीक्षा ऑनलाइन कराई जाएगी। प्रथम पेपर पहली से छठी कक्षा तथा दूसरा पेपर छठी से आठवीं कक्षा तक के लिए होगा। परीक्षा का आयोजन प्रारंभिक स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए कराया जाएगा।

■ बंद रेल सुविधा शुरू करने की मांग

बालोतरा @ जागरूक जनता। प्रधानमंत्री से रेलगाड़ी में बुजुर्गों के लिए पुनः रियायती दर की सुविधा शुरू करने की मांग की गई है। घांची समाज ट्रस्ट अध्यक्ष ओम प्रकाश भाटी ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज कर कहा कि सुविधा बंद होने से कमजोर, गरीब, मजदूर, किसान वर्ग के वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने अन्य कई बातों का जिक्र करते हुए बंद की गई रेल सेवा फिर से शुरू करने की मांग की।

■ संत समागम में बाड़मेर के सेवादार दे रहे सेवाएं

बाड़मेर @ जागरूक जनता। संत निरंकारी मंडल बाड़मेर के मीडिया सहायक हितेश तंवर ने बताया कि संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल हरियाणा में 75वें संत समागम में बाड़मेर से 1500 से अधिक निरंकारी अनुयायी एवं सेवादल कार्यकर्ता सहशिक्षक सेवादल मुकेश नागौरा के सानिध्य में सेवाएं दे रहे हैं।

■ संपत अध्यक्ष मनोनीत

बालोतरा @ जागरूक जनता। राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष ने मोर्चा के शाखा बालोतरा अध्यक्ष पद पर पार्षद संपत धरी को मनोनीत किया है। गठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सोहनलाल घारू, महामंत्री सुरेश घारू,कोषाध्यक्ष राहुल जोड़, संगठन मंत्री रमेश घारू व सुभाष घारू को मनोनीत किया गया।

■ आरएसएस ने टिप्पणी का खंडन किया

बाड़मेर @ जागरूक जनता। जिले मे विगत दिनों स्थानीय पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में हुए धरना प्रदर्शन में अनावश्यक रूप से संघ का नाम घसीटा गया है। संघ के समर्पित कार्यकताओं व अधिकारियों के बारे मे हुई अनर्गल टिप्पणी का हम सिरे से खंडन करते हैं। सह जिला संघचालक मनोहरलाल बंसल ने बताया कि संघ के स्वयंसेवको का सामाजिक सेवा एवं राष्ट्रीय गतिविधयों में त्याग एवं समर्पण का इतिहास रहा है। संघ के स्वयंसेवक सदैव राष्ट्र के निमाण के लिए व्यक्ति से व्यक्ति को जोड़ने की बात करते है।

महबूब भाई ने दिए छात्रों को मोटिवेशनल मंत्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। ऑल इंडिया मेंसुरी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष वक़्फ़ बोर्ड नायब सदर किशनगढ़ अजमेर हाजी महबूब भाई फ्रेंड्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से सिलाई प्रमाण पत्र वितरण व मोटिवेशनल कार्यक्रम में बीजनोर चांदपुर यूपी में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन फ्रेंड्स वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान मे किया गया। जिसके ऑल इंडिया मंसुरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष वक्फ बोर्ड नायब सदर हाजी महबूब भाई ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। ज़ाकिर खान मंसूरी (चेयरमैन, दिल्ली मायोनरिटी कमिशन) जबकि संचालन अयाज़ उल ऐजाज़ ने किया। फ्रेंड्स वालफेयर सोसायटी दो सेंटर अमरोहा व चांदपुर मे एक साथ संचालित लिए जा रहे है। सभी छात्र कार्यक्रम मे सम्मिलत रहे सभी छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। चांदपुर सिलाई सेंटर से इक़रा परवीन, इल्मा खातून, दरख़ुषा, सना बुनियाद, शुमाइला, मुशीरा परवीन आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत मे दिल्ली से आये मोलाना आरिफ क़ासमी, मेहंदी हसन मंसूरी (MFI राष्ट्रीय अध्यक्ष), युसूफ अली मंसूरी, इनाम अहमद मंसूरी और राजिस्थान से आये मौ, रफीक़ मंसूरो, हाजी हिसामुद्दीन, हाजी जवरी खान मंसूरी व हाजी महबूब भाई मंसूरी आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे सोसायटी के अध्यक्ष क़ारी जलील् अहमद व अन्य सदस्यों ने सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

रावत स्कूल में विशाल करियर फेयर फाइंड योरसेल्फ आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल में बीते दिनों मेले का आयोजन कॉलेज विद्यार्थी एवं जी एस एल सी के सौजन्य से कैरियर फेयर का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस एस एन भार्गव को आमंत्रित किया गया। इसमें अन एकेडमी, तिरुपति कॉलेज, ICFAI, मोदी यूनिवर्सिटी, ABBS, ऋषिहुड, अमृता, पोद्दार कॉलेज, MIT, IILM, सिंबोसिस स्कूल प्रोफेशनल कॉलेज सहित 40 से अधिक यूनिवर्सिटी ने भाग लिया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने एजुकेशन फेयर के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियो को एक ही जगह विभिन्न कैरियर ऑप्शंस की जानकारी के साथ उनका ज्ञानवर्धन बताया। इस दो दिवसीय मेले में विभिन्न सेमिनार एवं पैनल डिस्कशन का आयोजन हुआ। इस विशाल करियर फेयर में विभिन्न सीबीएसई एवं आर बी एस ई स्कूल के 7000 से अधिक विद्यार्थी भाग लिया। इससे पूर्व भी रावत ग्रुप द्वारा एजुकेशनल फेयर का सफल आयोजन हो चुका है।

कार्यक्रम के दूसरे दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में एम पी रामचरण बोहरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सप्रीम कोर्ट बार काउंसिल के मेंबर डॉक्टर अखिल शुक्ला को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में सभी यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल मैत्रेयी शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी करेगी अलंकृत

'डॉक्टर ऑफ़ सोशल वर्क्स' मानद पुरुस्कार से सम्मानित होंगे मित्तल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

कोलकाता/जयपुर। आर. के. एम. ग्रुप के प्रबंधक निर्देशक व अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मलेन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

राज कुमार मित्तल को उनके द्वारा निरंतर किये जा रहे राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय कार्ययोजना को प्राथमिकता मे रख कर सेवा भाव कार्यों को करने के लिए दिनांक 26 नवम्बर को ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी द्वारा राजा अन्नामलाई मंदरम, जॉर्ज टाउन, चेन्नई में मानद पुरुस्कार सम्मान समारोह मे "डॉक्टर ऑफ़ सोशल वर्क्स" मानद सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी. मेन्युल, ग्लोबल ह्युमन पीस यूनिवर्सिटी व "पीपुल फोरम ऑफ़ इंडिया भारत सेवा समाज" के संस्थापक अध्यक्ष एवं समारोह भाषण डॉ. पमा हाकिम,अध्यक्षा एवं प्रबंध निर्देशक, हिबी बिज़नेस ग्रुप, दुबई, मुख्य अतिथि माननीय पूर्व न्यायधीश के. वेंकटेशन, तमिलनाडु, के. संपथ कुमार (आई.ए.एस.) पूर्व कमिशनर एवं प्रिंसिपल सेक्रेटरी, तमिलनाडु सरकार, एम जेगान्नाथन (आई.आर.एस.) सहायक आयुक्त जी.एस.टी. एन्ड सेंट्रल एक्साइज, तमिलनाडु, के. राजाराम, पूर्व कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, चेनई एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. के.बालारमाठी, मैनेजिंग ट्रस्टी, इंडियन इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, दिल्ली, डॉ. एन. वासुदेवन, प्रबंध निर्देशक इनकोर बिज़नेस ग्रुप, चेन्नई, सुभाशीष साहा, संयुक्त निर्देशक, डॉ. रामचंद्रन, पूर्व पुलिस आयुक्त चेन्नई डॉ. एम रामाचंद्र, संयुक्त निर्देशक, जी एच पी यू मुख्य रूप से समारोह कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. टी मुरुगेसन, निर्देशक ज्याम हेल्थ इंस्टिट्यून, चेन्नई द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। सनद रहे कि इससे पूर्व 2020 में मित्तल को ग्लोबल बिज़नेस लीडरशिप एवार्ड एवं 2021 में इंडिया ग्लोरियस एचिवर्स एवार्ड से भी सम्मानित किया गया । इस सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मलेन चेन्नई इकाई अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरती रामगढ़िया, सचिव तरुण मोदी, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य संदीप अग्रवाल, महिला इकाई अध्यक्षा पारुल अग्रवाल, महिला इकाई सचिव अमिता अग्रवाल, प्रांतीय संयोजिका, व्यक्तितव विकास कार्यक्रम सुनीता खेमका, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम चेन्नई इकाई संयोजिका निशा अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवी संस्थाओ ने अपने बधाई संदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय के क्षेत्र मे निरंतर सेवा हेतु उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये प्रेषित की है।

चेटीचंड मेला कमेटी चुनाव

अध्यक्ष पद के लिए छबलदास को मिल रहा भारी समर्थन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। चेटीचंड मेला कमेटी जयपुर महानगर के होने वाले आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारी जता चुके छबलदास नवलानी को कई संस्थाओं ने अपना समर्थन देने का वादा किया है। समाजसेवी एवं जनता के दुःखदर्द का साथी जनसेवक के रूप में समाज में अपनी पहचान बना चुके छबलदास नवलानी को लोकचंद हरिरामानी, अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा, जयकिशन सोनी, अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत विद्याधर नगर, नानकरम थावानी, अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत दादी का फाटक, भागचंद साहनी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत निवारू रोड एवं संजय भक्तियानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत झोटवाड़ा ने अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। छबलदास नवलानी ने अपने साथियों लोकचंद हरिरामानी अध्यक्ष मुरलीपुरा पंचयात तथा ईश्वरचंद मेहरचंदानी (श्री गोपाल कृष्ण सेवा समिति) के साथ चन्द्रप्रकाश खेतानी एडवोकेट अध्यक्ष, पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत जयपुर महानगर से शिष्टाचार भेंटकर समर्थन मांगा। चन्द्र प्रकश खेतनी ने छबलदास नवलानी को शॉल एवं माला पहनाकर विजय की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। नवलानी अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं और सघन जनसम्पर्क अभियान में जुटे हुए हैं।

उपभोक्ता संरक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

केकड़ी @ जागरूक जनता। राजकीय महाविद्यालय केकड़ी मैं उपभोक्ता क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय उपभोक्ता संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रताप पिनजानी ने की उन्होंने विद्यार्थियों को उद्बोधन में बताया की उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर कार्य करना चाहिए। कार्यशाला के सत्रों को इंटरएक्टिव बनाने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवोकेट गजेंद्र पाराशर, एडवोकेट महेंद्र मेवाड़ा एवं एडवोकेट भारती पोपटानी द्वारा उपभोक्ता संरक्षण विषय पर विस्तार से व्याख्यान प्रदान किया गजेंद्र पाराशर द्वारा बताया गया कि किस तरह उपभोक्ता जिला स्तर पर, राज्य स्तर पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता अदालतों में अपील कर सकता है। इसी के साथ ही महेंद्र मेवाड़ा द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि किस प्रकार उपभोक्ता अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकता है इसी के साथ भारती पोपटानी द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 एवं 2019 के प्रमुख प्रावधानों के बारे में बताया कार्यर म का संचालन उपभोक्ता क्लब प्रभारी डॉ अनिता रायसिंघानी द्वारा किया गया।

राधारानी वार्षिक ब्रज यात्रा-एक सुखद अनुभव

अद्भुत, अविस्मरणीय और अनौखी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बरसाना मे सुप्रसिद्ध मान मन्दिर से पूज्य श्री रमेश बाबाजी महाराज के सान्निध्य में हर वर्ष ब्रज 84 कोस की पैदल परिक्रमा आयोजित की जाती है जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे भाग लेते हैं। इस यात्रा में इस वर्ष मुझे भी जाने का अवसर राधारानी ने दिया। इस यात्रा की व्यवस्थाओं को देखकर मैं अभिभूत हूं कि किस तरह से इतने लोगों की खाने-पीने, रहने और चलने की व्यवस्था होती है। लोगों को ठहरने के लिए छोटे-बड़े सभी तरह की रावटी (तंबू) प्रतिदिन लगाए और और उखाड़े जाते हैं। जैसे रोजना एक गांव बसाया जाता है अगले ही दिन वह गांव उठकर अन्यत्र बस जाता है। यह क्रम 36 दिनों तक लगातार चलता है। ऐच्छिक सुविधाओं को छोड़कर इस यात्रा में किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। निष्काम भाव से समर्पित कार्यकर्ता जो सारा काम समय पर चुटकियों में करते हैं। किसी भी यात्री की तबीयत खराब हो जाए तो उसके लिए एक अस्पताल हमेशा साथ चलता है जिसमें कई डॉक्टर अपनी सेवाएं देते हैं। दवा उपलब्ध कराते हैं। अगर किसी को ग्लूकोज चढ़ाने की जरूरत हो तो वह भी उपलब्ध रहती है। यात्रियों के थक जाने पर स्वयं सेवक उनके हाथ-पैरों की मालिश तक करते हैं। ऐसी अद्भुत यात्रा का वर्णन शब्दों में नहीं हो सकता। प्रतिदिन इतने लोगों का भोजन, जिसमें दाल, चावल, कढ़ी, रोटियां, कई बार हलवा, मालपुए, पूरी, गुड़ और कई बार तो रात्रि को दूध तक पिलाया गया। इस यात्रा के माध्यम से सम्पूर्ण ब्रज में घूमने और वहां के निवासियों को नजदीक से देखने का मौका मिला। यात्रा के दौरान ऐसा लगा कि कान्हा यहीं-कहीं हमारे इर्द-गिर्द ही घूम रहा है। हम लोगों के लिए भले ही श्रीकृष्ण भगवान हों, मगर ब्रज में आज भी श्रीकृष्ण को नन्द का छोरा कहकर ही पुकारते हैं। अगर जय बुलाते हैं तो ग्रामीण कहते हैं अरे भई नन्द के छोरा की जय बोलो। ब्रज यात्रा के दौरान कई जगह तो पूरा का पूरा गांव ही यात्रियों के लिए न्यौछावर हो गया। कोई बाजरे की रोटी-कढ़ी, तो कोई छाछ, कोई दही, कोई चाय, कोई केला, फल, बिस्किट बांटते ही रहे। जगह-जगह साधु-संतों का और यात्रा के आयोजकों का भावभीना स्वागत सत्कार किया जाता। यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें 24 घंटे भगवान का ही स्मरण होता है। यात्रा का नियम है कि चलते समय या तो भगवान नाम का जप करो या चुप रहकर चलो। इसमें राधेरानी की मधुर ध्वनि अविरल चलती रही। अगर कोई मुंह से नहीं बोले तो भी उसके कानों में राम-कृष्ण का संकीर्तन हमेशा सुनाई देता रहा। ये सारी व्यवस्थाएं साक्षात् लाडली राधारानी ही कर सकती है और किसी में सामर्थ्य नहीं। सारे देश के तीर्थस्थल ब्रज में आ गए। और आए भी कैसे? भगवान श्रीकृष्ण की चतुराई देखिए। एक बार नन्दबाबा और यशोदा मैया, वसुदेव और देवकी ने वृद्धावस्था में श्रीकृष्ण से कहा कि अभी तक हमने तीर्थ नहीं किए। हमें तीर्थ करा दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं सारे तीर्थों को यहीं बुला देता हूं। आप ब्रज में ही सारे तीर्थ कर लेना। उधर श्रीकृष्ण ने सारे तीर्थों से कहा कि अगर मेरे मां-बाप के दर्शन करने हैं तो सब ब्रज में पहुंच जाओ। तीर्थों ने सोचा कि जगतसृष्टा साक्षात नारायण श्रीकृष्ण के माता-पिता का दर्शन तो करना ही चाहिए और उन्होंने तुरन्त आकर अपने-अपने स्थान ब्रज में बना लिए जो आज भी मौजूद हैं। श्रीकृष्ण अगर तीर्थों से कहते कि मेरे मां-बाप आपके दर्शन करेंगे तुम ब्रज में जाओ। तो शायद सारे तीर्थ इस तरह नहीं आते। मगर श्रीकृष्ण तो चतुर हैं बुला लिया सब तीर्थों को अपने माता-पिता के लिए। जयश्रीकृष्णा।

-शिव दयाल मिश्रा

शिकायतों का निवारण बापू के पास

ब्रज 84 कोस परिक्रमा कोई छोटी-मोटी यात्रा तो है नहीं। हजारों की संख्या में यात्री। उनके खाने, पीने, रहने, सोने, बिजली, मोबाइल चार्जिंग, बीमारियां और भी रजिस्ट्रेशन से लेकर यात्रा समाप्ति तक वाहन उपलब्धि तक की कोई भी परेशानी का तत्काल समाधान निकालने के लिए हेमू बा चावड़ा यानी बापू का नाम सबकी जुबान पर रहता था। सीधे-साधे सरल स्वभव और अपने कार्य में तत्पर रहने वाले हेमू बा चावड़ा को सब बापू के नाम से ही पुकारते थे। दुबले-पतले शसीर के धनी बापू यात्रियों सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने आते समय बताया कि राधेरानी की कृपा से अब अगली यात्रा की तैयारियों में लग जाएंगे।

एक फायर से हुई जिन्दगी आध्यात्मिक

सनातन धर्म में निष्ठा रखें, सनातन धर्मी कभी भटकता नहीं है-सुनील सिंह

ब्रज 84 कोस की यात्रा में कितने ही स्तम्भ हैं जिन्होंने अपना जीवन राधारानी की सेवा में अर्पित कर रखा है। मगर, हम पाठकों को एक ऐसी शख्सियत के बारे में बता रहे हैं जिन्होंने अपनी छोटी सी आयु में ही अपने आपको राधारानी की सेवा में समर्पित कर दिया उनका नाम है **सुनील सिंह।** ब्रजयात्रा की सारी व्यवस्थाएं सुनीलसिंह के इर्द-गिर्द ही घूमती हैं, जहां देखो और सुनो सुनील भैया बताएंगे। ब्रज यात्रा के दौरान सुनीलसिंह से बातचीत करने का अवसर मिला। इस बातचीत में इन्होंने अनेक रोचक घटनाएं बताई। सुनील सिंह का जन्म बरसाना में मानमन्दिर के पास गहबरवन में सितम्बर 1979 में हुआ। छोटीसी उम्र में ही ये राधारानी की सेवा में लग गए। इनके भाई राजस्थान के कामां में संस्था के अध्यक्ष थे और मन्दिर में व्यवस्थापक थे। छोटी उम्र में ही व्यवस्थागत कामों के लिए भैया के साथ बाइक पर बैठकर मथुरा आना-जाना लगा रहता था। इनके साथ आदरणीय रमेश बाबा के कुण्डवन सरोवर व नाम प्रचार के कार्यों से प्रभावित होकर सेवाभाव में लग गए। इन्होंने बताया कि 4 अक्टूबर 2004 को कामां से राधारानी की यात्रा बरसाना लौट रही थी उस समय रमेश बाबा द्वारा ब्रजभूमि को खनन से मुक्ति दिलाने के लिए आंदोलन चल रहा था। उस समय राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री थी। यह तय हो गया कि तीन दिन तक जब तक बाबा की यात्रा चलेगी तब तक खनन नहीं होगा। लेकिन यात्रा जब सुनहरा गांव के समीप पहुंची उसी समय राधारानी ब्रज यात्रा को कवर कर रहे पत्रकार के साथ हाथापाई और छीनाझपटी शुरू हो गई। कैमरे को तोड़ने लग गए। सुनील सिंह ने बताया कि उस समय मेरी लाइसेंसशुदा रायफल मेरे पास थी और मुझे फायर करना पड़ गया। इसके बाद मेरे ऊपर आईपीसी आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज हो गया। मुकदमा इसलिए हो गया कि मेरे पास लाइसेंस यूपी का था और घटना राजस्थान में घटित हुई। घटना के बाद लोगों के क्रोध का कोपभाजन भी मुझे बनना पड़ा, क्योंकि मेरी उम्र भी कम थी और घटना बड़ी हो गई। कामां से पुलिस मुझे अरेस्ट करने पहुंच गई। उस समय रमेश बाबा ने कहा कि बच्चे ने कोई गलत नहीं किया। गलत काम का विरोध किया है। इसके लिए मुझे अगर 100 बार भी जेल जाना पड़े तो मैं जाउंगा। इस घटना का मेरे जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा और मैं मान मन्दिर के लिए समर्पित हो गया। उस समय रमेश बाबा ने सुनील सिंह को नया नाम ब्रजदास दिया। विवाह का विचार भी मन से त्याग दिया और बाबा के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए काम करने लगा। राधारानी ब्रज यात्रा, यमुनाजी के 2011 में प्रयाग-संगम से दिल्ली तक 47 दिन, 2013 में वृन्दावन से दिल्ली 17 दिन और 2015 में कोसी से दिल्ली 12 दिन की यात्रा के तीनों आंदोलनों में भाग लिया। इससे पूर्व 8 फरवरी 2009 में पहाड़वाला आंदोलन में अनशन किया। इस आंदोलन में डीग-कामां को आरक्षित वन क्षेत्र घोषित करने की मांग की गई। आंदोलन धरने में परिवर्तित हो गया आखिर 10 नवम्बर 2009 को फैक्स के जरिए नोटिफिकेशन आया और धरन समाप्त किया गया। अभी हाल कुछ महिने पहले खनन के खिलाफ आंदोलनरत बाबा विजयदास ने अपने आपको आग के हवाले कर देह त्याग की उस समय भी सुनील सिंह मौजूद थे। आजीवन अविवाहित रहने के संकल्प के बारे में जब सुनील सिंह से पूछा तो उन्होंने कहा कि मेरे इस संकल्प को राधारानी पूरा करेगी और मुझे शक्ति प्रदान करेगी। अब गायों का संरक्षण और गऊ माता पर ध्यान देना जरूरी होगा। अगर गायों पर ध्यान नहीं दिया तो आगे चलकर गऊ माता लुप्त हो जाएगी। चुनावों के दौरान सुनील सिंह से सारी पार्टियां समर्थन के लिए सम्पर्क करती हैं। सुनील सिंह कई समितियों से जुड़े हुए हैं जैसे यमुना मुक्तिकरण अभियान, जिसमें गांव-गांव जाकर समिति बनाई जाती है। गौ सेवक समिति, प्रभात फेरी सेवा समिति। ब्रज तीर्थ विकास परिषद जिसके अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं और 7 समाजसेवी सदस्य हैं उनमें से एक सुनीलसिंह भी शामिल हैं। अंत में उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे सनातन धर्म में निष्ठा रखें। सनातन धर्मी कभी भटकता नहीं है।

संगीत सीखने की ललक और संतों का संग बरसाना ले आया-बाबा नरसिंहदास

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

ब्रज 84 कोस परिक्रमा के दौरान नरसिंहदासजी की एक आवाज आती और लाडली जी का डोला लिए यात्रा अग्रिम पड़ाव की ओर चल पड़ती। जिनके कंठ में सरस्वती विराजती हों, सुबह हो या शाम, दोपहर हो या रात। चारों पहर जिनकी आवाज मधुर रस घोलते हुए लाडली जी के गुणगान ही गाती रहती हैं ऐसी कोकिल कंठ के धनी का नाम है बाबा नरसिंहदास। ब्रज 84 कोस की पैदल परिक्रमा के दौरान प्रातः साढ़े पांच बजे और कभी कभी 6 बजे यात्रा अग्रिम पड़ाव के लिए रवाना होती। नरसिंहदासजी यात्रा की अगुवाई करते चलते। जहां-जहां से यात्रा गुजरती उस तीर्थ का महत्व और वर्णन बाबा नरसिंहदास सबको बताते। यात्रियों को यात्रा के समय निर्देश देते और सबको साथ लेकर चलते। एक तरफ पैदल यात्रा और दूसरी तरफ तीर्थस्थलों का वर्णन। लोगों का चलने में सांस फूलने लगता था, ऐसे में लगातार बोलते हुए चलना कोई साधारण काम नहीं है। मगर राधे रानी की कृपा से संभव है। यात्रा के दौरान ग्रामीणों द्वारा रमेश बाबा के प्रतिनिधि के तौर पर इन्हें सम्मानित भी किया गया। यात्रा के समय शाम को नरसिंहदासजी अपनी सुरीली आवाज में राधेरानी के भजन सुनाकर सबका मन मोह लेते। यात्रा के दौरान ही नरसिंहदासजी से सम्पर्क हुआ। सम्पर्क भी कैसे हुआ। यात्रा के दौरान एक दिन मैं और मेरी पत्नी शाम के समय यात्रियों के लगे तंबुओं में होकर गुजर रहे थे। एक तंबू के आगे खड़े होकर मेरी पत्नी बोली इस तंबू में चलें कोई संत विराज रहे हैं। हम चले गए प्रणाम कर बैठ गए। फिर होने लगी राधे रानी की चर्चा। और नरसिंहदासजी का सरल स्वभाव सहज हृदय ने हमारे दिल में एक जगह बना ली। ऐसे में नरसिंहदासजी से मिलने का सिलसिला चलता रहा। बातों-बातों में नरसिंहदासजी से कुछ हमने पूछा कुछ उन्होंने बताया। नरसिंहदास जी मूल रूप से सवाई माधोपुर जिले के खंडार के रहने वाले हैं। नरसिंहदास नाम मिलने से पहले इन्हें घर में ब्रजराजसिंह के नाम से जाना जाता रहा है। ये आज से कोई 37 वर्ष पूर्व बरसाना के मान मन्दिर में आ गए। इनसे मान मन्दिर आने के बारे में पूछा तो इन्होंने मुस्कराते हुए सहज भाव में बताया कि खंडार से भक्तों का समूह बरसाना यात्रा करने आता था। एक बार मैं भी उनके साथ परिक्रमा करने यहां आ गया। इस दौरान राधा अष्टमी को हम मानमन्दिर पहुंचे। उस समय बाबा रमेश दास भजन गा रहे थे। उनका संगीत सुनकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। हमने स्वामी नित्यानंदजी जिनके साथ मैं मानमन्दिर आय था, से संगीत सीखने की बात कही, और ये भी कहा कि हम संगीत सीखकर यहीं रहेंगे वापस नहीं जाएंगे। हमारी मंशा बाबा रमेश दासजी तक पहुंचा दी गई। बाबा महाराज ने हमसे पूछा कि भोजन कहां करोगे यहां तो सभी भिक्षा मांगते हैं। हमने कहा कि सब मांगते हैं तो हम भी मांग लेंगे। पानी भी नीचे से लाना पड़ेगा (मान मन्दिर पहाड़ी के ऊपर है) हमने इसके लिए भी हां कह दी। हमारे हां कहने पर बाबा रमेश महाराज ने कहा कि तब तो तुम्हारा ब्रजवास हो जाएगा। हमने उस समय से ही बाबा महाराज के साथ रहकर संगीत की शिक्षा ग्रहण की। इसी दौरान बंसी बजाना भी सीखा। नरसिंह बाबा ने बताया कि यह ब्रज चौरासी कोस की पैदल परिक्रमा 1988 में प्रारंभ हुई। यह यात्रा खंडार वाले बाबा नित्यानंदजी ने शुरु करवाई थी। नित्यानंदजी ने रमेश बाबा से आग्रह किया कि हमें 84 कोस की परिक्रमा करवाई जाए। बाबा ने कहा कि यात्रा तो हो जाएगी मगर बिना पैसों के होनी चाहिए। इस पर नित्यानंदजी ने कहा कि बिना पैसों के यात्रा नहीं हो सकती। कुछ सोचकर रमेश बाबा ने कहा कि यात्रा का नाम 'राधा रानी ब्रज यात्रा' रखा जाए और किसी भी पम्पलेट में हमारा नाम मत दो। तब से आज तक यह यात्रा निर्विघ्न चल रही है। नरसिंहदास जी से जब यात्रा के लिए पैसों के बारे में पूछा कि कहां से आता है तो उन्होंने बताया कि यह तो राधा रानी ही जाने, वही पूरा करती है। यात्रा के दौरान 15-20 हजार यात्री आते हैं। यहां लोग स्वेच्छा से दान भी करते हैं, मगर किसी से मांगा नहीं जाता। शुल्क के नाम पर यत्रियों से हरिनाम का अखंड कीर्तन में समय मांगा जाता है और कोई ज्यादा देना चाहे तो अपने-अपने गांवों में प्रभातफेरी निकालो। उस प्रभातफेरी के लिए एक माइक और ढोलक फ्री में मानमन्दिर से दी जाती थी। अब कई राज्यों में प्रभातफेरी चलती है। इनमें से ज्यादातर प्रभातफेरी आने वाले यात्रियों ने शुरू की है। श्रीमाताजी गऊशाला 2007 में चार गायों से शुरू की थी। जिसमें आज 60 हजार से ज्यादा गायें हैं। इसके लिए भी कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया जाता। बाबा का सबसे बड़ा सिद्धांत है कि कभी भी धर्म को व्यापार मत बनाओ। निष्काम भाव से काम करो अपने आप सफलता मिल जाएगी। नरसिंहदासजी ने बताया कि श्रीश्री 1008श्री मुरारीलालजी मेरे प्रथम गुरु हैं वे मुझे खंडार में एक महात्मा के पास लेकर आए थे। वे नरसिंह भगवान की पूजा करते थे। भागीरथदासजी महाराज ने मेरा नाम नरसिंहदास रख दिया। उसी आश्रम पर हमें एक संत श्रीश्री 1008श्री गोविन्ददासजी मिले। उन्होंने हमें निम्बार्क सम्प्रदाय में दीक्षित किया। उनके सान्निध्य में छह महीने अजयराजपुरा (बगरू के पास) जयपुर रहा। उस स्थन पर मेरी दीक्षा हुई। गोविन्ददास जी से आज्ञा लेकर मैं बरसाना आ गया और तब से मैं बरसाना का ही होकर रह गया हूं।

- शिव दयाल मिश्रा

जागरूक खबरें

■ उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

केकड़ी @ जागरूक जनता। केकड़ी जिला बनाओ संघर्ष अभियान के बैनर तले केकड़ी जिला बनाओ अभियान के अध्यक्ष एवं प्रभारी अशोक पारीक एवं संयोजक रामअवतार सिखवाल के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी केकड़ी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा व केकड़ी को जिला बनाने की मांग की गई ज्ञापन में बताया कि आजादी के समय से केकड़ी को जिला बनाने की मांग उठती रही है केकड़ी जिला मुख्यालय अजमेर से 100 किलोमीटर दूर स्थित है इसके साथ ही केकड़ी क्षेत्र वन एवं खनिज संपदा से परिपूर्ण है क्षेत्र के सावर में खनिज कार्य मार्बल आदि प्रचुर मात्रा में खनन हो रहा है वही केकड़ी में इससे जुड़े अन्य क्षेत्र ग्रेनाइट आदि का उत्पादन कर रहे हैं विकास की दृष्टि से यह क्षेत्र जिला नहीं होने के कारण काफी पिछड़ गया है केकड़ी को जिला मुख्यालय बनाकर आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार के अवसर मिलेंगे जिला मुख्यालय बनने से सभी कार्यालय यही आएंगे। ज्ञापन के माध्यम से आगामी बजट में केकड़ी को जिला बनाने की मांग की गई ज्ञापन देने के दौरान धनराज नायक, गजेंद्र पाराशर, कालूराम पांचाल, उगमाराम, चंदन, सत्यनारायण, छोटू, लालाराम, शंकर, नेमचंद, तेज सिंह, प्रकाश चौधरी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

■ जिला अस्पताल पहुंचे बहुप्रत्याक्षित उपकरण

निंबाहेड़ा @ जागरूक जनता। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर निंबाहेडा जिला अस्पताल को मिली फेको मशीन एवं कलर सोनोग्राफी। दोनो मशीनों सहित अन्य उपकरण पहुंचे जिला अस्पताल, मशीनों की कुल लागत 41.59 लाख। बिना चीरा लगाए आंखों के ऑपरेशन करने एवं प्रसूताओ सहित पेट संबंधित अन्य बीमारियों के इलाज में मिलेगी सहायता। डॉक्टर्स की ट्रेनिंग के बाद मरीजों को अत्याधुनिक उपकरणों का लाभ मिलने लगेगा ।

■ सरकारी स्कूलों में चेस (शतरंज) का शुभारंभ

पिण्डवाड़ा @ जागरूक जनता। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कासिन्द्रा पिण्डवाड़ा, सिरोही में राज्य सरकार के आदेशानुसार नो बेग डे पर चेस का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक महेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया की बच्चों के मानसिक स्थिति को मजबूत करने के लिए यह खेल शुरु किया गया हैं। इस अवसर पर बच्चों को चेस के नियमों की जानकारी दी ओर बच्चों को खेल का अभ्यास करवाया गया।

रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट के साथ लगेगा एस्केलेटर, दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को मिलेगी राहत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

हिण्डौनसिटी। रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों को लिए राहत भरी खबर है। अब इन्हें एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिए फुट ऑवर ब्रिज की सीढियां चढने नहीं पड़ेगी। इसके लिए रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट के साथ अब एस्केलेटर भी लगाया जाएगा। इसके लिए कोटा से आए रेलवे अधिकारियों के दल ने रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर के लिए स्थान चिह्नित कर जबलपुर जोन मुख्यालय भेजा है। वहीं लिफ्ट के लिए निविदा प्रक्रियाधीन होने से जल्द की कार्य शुरू होने की उम्मीद है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो नए साल में यात्री लिफ्ट के जरिए एक से दूसरे प्लेटफार्म पर आवाजाही कर सकेंगे।

रेलवे ने यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए रेलवे स्टेशन लिफ्ट लगाने के साथ स्वचालित सीढियां (एस्केलेटर) स्थापित कराए जा रहे हैं। इसके लिए हिण्डौन रेलवे स्टेशन को लिफ्ट के लिए चिह्नित किया था। हाल ही में स्टेशन एस्केलेटर लगाना भी प्रस्तावित किया गया। जिसके लिए कोटा से आए एडीईएन (विद्युत) राहुल चौधा, बयाना के वरिष्ठ खण्ड अभियंता भरतलाल मीणा व गंगापुरसिटी एडीईएल मलखान सिंह सहित स्थानीय रेलवे अधिकारियों ने सर्वे का प्लेटफार्म क्रमांक दो पर द्वितीय प्रवेश द्वार व प्लेटफार्म एक पर पुराने मालगोदाम के पास एस्केलेटर लगाने के लिए स्थान चिह्नित किया। साथ ही संभवित ड्राईंग-डिजायन तैयार किया। जिसे अनुमोदन के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के जोन मुख्यालय जबलपुर भिजवाया गया है।

1 हजार किलोग्राम क्षमता की लगेगी लिफ्ट

रेलवे सूत्रों के अनुसार रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज की सीढियों के सामने लिफ्ट स्थापित की जाएगी। एक हजार किलोग्राम क्षमता की लिफ्ट से एक साथ 10-12 यात्री आवाजाही कर सकेंगे। सात माह पहले किए सर्वे के बाद रेलवे ने लिफ्ट लगाने के लिए निविदा प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। जल्द ही रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट लगाने का कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

एस्केलेटर के लिए बनेगा दूसरा ओवर ब्रिज

सर्वे टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि करीब 750 मीटर लम्बे प्लेटफार्म पर दोनों छोरों के पास ओवर ब्रिज होने की अनिवार्यता है। ऐसे में एस्केलेटर के लिए प्लेटफार्म ₹ मांक 2 पर द्वितीय प्रवेश द्वार के पास नया ट्रेक ओवरब्रित प्रस्तावित किया है। जिसमें सीढियों के स्थान पर एस्केलेटर लगाया जाएगा।

4 हजार यात्रियों की आवाजाही

स्टेशन पर ठहराव करने वाले 1 दर्जन से अधिक ट्रेनों से 4 हजार से अधिक यात्री आवाजाही करते है। ऐसे में दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों ने पटरी पार कर प्लेटफार्म क्रमांक 2 व कोटा से आने वाले यात्रियों को शहर जाने के लिए प्लेटफार्म एक आना पड़ता है। ऐसे में बीमार, वृद्ध व दिव्यांग यात्रियों को सहुलियत होगी।

गत दिनों रेलवे अधिकारियों के दल ने एस्केलेटर लगाने के लिए सर्वे कर डिजायन व प्रस्ताव तैयार किए थे। साथ ही लिफ्ट लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

केएस मीणा, स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन, हिण्डौसिटी.

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

द बोहराज ग्लोबल स्कूल ने किया पत्रकारों का सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

महुआ। उपखंड मुख्यालय स्थित द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महुआ द्वारा आमंत्रित पुलिस उपाधीक्षक बृजेश कुमार जी ने पत्रकारों का सम्मान कर राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी। ये कार्यक्रम हमारे समाज एवं संविधान के चौथे मूल स्तंभ प्रेस को समर्पित था। विद्यालय के निर्देशक विनय बोहरा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष में विद्यालय परिवार द्वारा आमंत्रित पत्रकारों का सम्मान समारोह पुलिस उपाधीक्षक बृजेश कुमार निर्देशक विनय बोहरा सह निर्देशक विकास बोहरा महवा प्रिंसिपल ओम नागर बालाजी प्रिंसिपल राजेश जी मंडावर प्रिंसिपल पुनीत पांडेय जी द्वारा प्रेस क्लब महुआ के अध्यक्ष गौ पुत्र अवधेश अवस्थी, राजेंद्र सिंह, मेघराज मीना, संजय लाटा, योगेश शर्मा, हरि सिंह नागलोत, राजेश भारद्वाज, प्रकाश उपाध्याय गोविंद शर्मा, सुरेश बागड़ी, राजेश शर्मा, सुरेश तिवारी, बालाजी मोनू सिंह, प्रदीप बौहरा, बालाजी, जितेंद्र सिंह, अशोक शर्मा जयपुर सहित अन्य पत्रकारों को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

राइफल शूटिंग में हिंद जिंक स्कूल के शोर्य प्रथम

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डेट पंचायत समिति गंगरार में आयोजित जिला स्तरीय प्रथम राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में हिंद जिंक स्कूल के छात्र शौर्य राज सिंह राणावत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही ज़िंक विद्यालय के ही छात्र वीर प्रताप सिंह झाला तथा साक्षी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। यह प्रतिभागी राज्य स्तर पर होने वाली आगामी राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे विद्यालय प्राचार्य डॉ बिंदु नायर तथा विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

केकड़ी @ जागरूक जनता। भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर कांग्रेस कार्यालय पर केकड़ी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह शक्तावत की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने बताया कि केकडी में 23 तारीख बुधवार को भारत जोड़ो तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा और इसकी तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई रैली दोपहर 12.15 बजे कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर अजमेरी गेट घंटाघर गणेश प्याऊ खिड़की गेट पाल टॉकीज कचहरी रोड होते हुए वापस कांग्रेस कार्यालय आकर संपन्न होगी इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन कमलेश साहू जिला कांग्रेस महासचिव रतन पवार एवं सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष धर्मीचंद न्याति सेवादल ब्लॉक के अध्यक्ष मूलचंद महावर शहर सेवादल अध्यक्ष चेतन रेगर ने भी यात्रा को सफल बनाने के लिए अपने विचार रखे आज की इस अवसर पर रमाकांत दाधीच, भागचंद मूंदड़ा, नोरतमल तेली, मोहम्मद सईद नकवी, छोटू लाल, कुंदन देवतवाल, शंकर साहू, विजेंद्र पाराशर एडवोकेट, सज्जन बोयत सहित कई लोग उपस्थित थे।

तृतीय नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट की कमेटियां गठित

उदयपुर @ जागरूक जनता। नारायण सेवा संस्थान, डिफरेन्टली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ इण्डिया व व्हीलचेयर क्रिकेट इण्डिया एसोसिएशन के संयुक्त सांझे में उदयपुर में आयोजित होने वाली तीसरी नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैम्पियनशिप की सफलता के लिए विभिन्न कमेटियां का गठन सोमवार को किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि 27 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक चलने वाली चैम्पियनशिप की व्यवस्था में स्वागत, यातायात, आवास, भोजन, सफाई, सुरक्षा, आपात व्यवस्था, उद्घाटन, लीग मैच, खेल व्यवस्था, सम्मान, अतिथि आगमन आदि समितियां बनाई गई है।इस चैम्पियनशिप में 16 राज्यों की टीमों के 300 से अधिक व्हीलचेयर क्रिकेटर्स 25 नवम्बर से उदयपुर पहुंचने लगेंगे। 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांगता दिवस पर इस चैम्पियनशिप का समापन फाइनल मैच के साथ होगा। इसमें कुल 27 मैच खेले जाएंगे। चैम्पियनशिप के लिए 100 से अधिक खेल विशेषज्ञ भी आएंगे। मैच उदयपुर के सूरजपोल रोड़ के आरसीए ग्राउण्ड, राणा प्रतापनगर रेल्वे ग्राउण्ड और डबोक स्थित नारायण पैरा स्पोटर्स एकेडमी में खेले जाएंगे। दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

इंदिरा गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जालोर। जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की ओर से देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर विचार गोष्ठी राजीव गांधी भवन जालोर में रखी गयी। सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने स्व इंदिरा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवम उनके बताये गये आदर्शो व् सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में समस्त कांग्रेसजन ने दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर, सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत, जिला सचिव सरोज चौधरी, पार्षद बसंत सुथार, पार्षद लक्ष्मण सिंह सांखला, मनोनीत पार्षद कार्तिक दवे, ब्लॉक समन्वयक महेन्द्र सोनगरा, मांगीलाल गर्ग, बंशीलाल माली, कपूराराम परिहार, उम्मेद सिंह चारण, छगन आर्य, पुखराज माली, इरफान खान, दिलीप गर्ग सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद थे।

परिवार में सामाजिक समरसता का व्यवहार हो- भागवत

जबलपुर @ जागरूक जनता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि सामाजिक समरसता का व्यवहार हर परिवार में होना आवश्यक है। अपने पड़ोस, कुटुंब और कार्यस्थल में हमें समानता के आचरण को स्थापित करना है। भागवत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे निकट रहने वाले परिवार किसी भी जाति के हों, हमारे आत्मीय व्यवहार के दायरे में होने चाहिए। यज्ञ हवन, पारिवारिक कार्यक्रमों में उनकी भी भागीदारी होनी चाहिए। सब प्रकार के भेद समाप्त होने चाहिए। दुनिया के प्रबुद्ध लोग भारतीय कुटुंब व्यवस्था का गहराई से अध्ययन करने के लिए प्रेरित हुए हैं।

■ महात्मा गांधी स्कूलों के प्राचार्यों का चयन

बीकानेर @ जागरूक जनता। राजकीय महात्मा गांधी प्राथमिक स्कूलों में 206 प्राचार्यों का चयन किया गया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा के वित्तीय सलाहकार ने आदेश जारी किए हैं। बजट घोषणा के अनुसार 444 विद्यालयों में से 210 विद्यालय प्राथमिक एवं उ. प्राथमिक विद्यालय से महात्मा गांधी राजकीय (अंग्रेजी) में रूपातंरित किए गए थे। इसमें से 206 विद्यालयों को प्राथमिक स्तर तक संचालित करने का निर्णय लिया गया था। इन सभी विद्यालयों में केवल प्राथमिक स्तर पर ही शिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। इसे देखते हुए प्रदेश में 206 स्कूलों में प्राचार्य का चयन किया गया है। इसमें जयपुर के 13 स्कूल शामिल हैं।

■ बेटी की विदाई व पुत्रवधू को लाने के लिए मंगाया हेलिकॉप्टर

अलवर @ जागरूक जनता। तूलेड़ा गांव में अली मोहम्मद ने शनिवार को बेटी तरन्नुम और रविवार को बेटे कय्यूम की शादी की। बेटी की विदाई और पुत्रवधू को लाने के लिए दोनों दिन के लिए हेलिकॉप्टर मंगाया। कय्यूम जयपुर की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। हेलिकॉप्टर पर करीब साढ़े बारह लाख रुपए खर्च हुए।

■ ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन कौंसिल करेगी सर्वधर्म सम्मेलन

अजमेर @ जागरूक जनता। राजस्थान के अजमेर में ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन कौंसिल आगामी 27 नवंबर को 'सर्वधर्म सम्मेलन' करेगी जिसमें विभिन्न धर्मों के धार्मिक गुरु शिरकत करेंगे।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

अतिथियों ने खिलाडियों को किया सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सरनाऊ। पंचायत समिति के निकटवर्ती सरस्वती विद्या मंदिर दाता में चल रही 66 वी जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को जोश,उत्साह और हर्षोल्लास के साथ समापन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें शूटिंग वॉलीबॉल 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में राउमावि अरणाय प्रथम स्थान राउ मावि जुनी वाली द्वितीय स्थान सरस्वती विद्या मंदिर तृतीय स्थान 17 वर्षीय छात्र वर्ग में राउमावि हिडवाड़ा प्रथम स्थान पर रहे छात्रा वर्ग में रा उ मा वि जुनी वाली प्रथम स्थान रही। स्काय-मार्शल में 19 वर्षीय वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा सुशीला बिश्नोई ने खिताब जीता। कैरम बोर्ड प्रतियोगिता 17 एवं 19 वर्षीय बालिका वर्ग में सरस्वती स्कूल की छात्राओं प्रथम रही। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश ढाका ने खिलाडियो को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शारीरिक, बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास के लिए खेल जरुरी है। समारोह को संबोधित करते हुए सेवाड़ा प्रधानाचार्य हेमराज गोदारा ने कहा कि हार व जीत एक सिके के दो पहलू हैं। हार से व्यक्ति को घबराना नहीं चाहिए। सेवानिवृत्त अभियंता तेजाराम मांजू ने बताया कि विद्यार्थियों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह दिखा। खेलकूद विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के साथ शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। इसके अलावा अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। मौके पर अमर सिंह जांगू, सुरेश सियाग,ईसरा राम मांजू, तेजाराम मांजू,प्रतापाराम पुरोहित, भागीरथ राम डारा, छगनलाल सोनी,भैराराम पुरोहित, भामाशाह मुकेश गोदारा समेत भारी तादाद में ग्रामवासी भी मौजूद रहे। मंच संचालन लादूराम विश्नोई ने किया।

आज जयपुर-लोहारू ट्रेन रद्द

सीकर @ जागरूक जनता। छोटा गुढ़ा रेलवे स्टेशन को अब हाल्ट स्टेशन से क्रॉसिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इसके लिए 2 दिन स्टेशन पर काम होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि 23 नवंबर को गाड़ी संख्या 09604 लोहारू-जयपुर स्पेशल रद्द रहेगी। यह ट्रेन लोहारू से 11 बजकर 25 मिनट पर चलती है। शाम 5 बजकर 40 मिनट पर जयपुर पहुँचती है।

18 दिन बाद जंगल में छोड़ा बाघ टी-110

कोटा @ जागरूक जनता। रणथंभौर से लाए गए बाघ टी-110 को 18 दिन बाद सोमवार तड़के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा गया। सुबह 5.45 बजे सॉफ्ट क्लोजर का गेट खोला। बाघ को क्लोजर से निकलने में 1 घंटे का समय लगा। 6.42 बजे वह क्लोजर से निकलकर जंगल में चला गया। फिलहाल उसकी लोकेशन सेल्जर क्षेत्र में ही आ रही है। बाघ की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

न्युवोको के छह रेडी-मिक्स कॉंक्रीट प्लांट्स को ग्रीनप्रो इकोलेबल मिला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। न्युवोको विस्टास कार्पोरेशन लिमिटेड क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी ने अपने छह रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों के लिए प्रतिष्ठित ग्रीन प्रो प्रमाणन प्राप्त किया है। इन प्लांट्स में पाटेनचेरू, मियापुर, व्हाइटफील्ड, सनथल, नोएडा और गुड़गांव शामिल हैं और इनको इकोड्योर ग्रीन कॉंक्रीट के उत्पादन के लिए इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल "ग्रीनप्रो इकोलेबल" प्राप्त हुआ है। ग्रीन प्रो इकोलेबल को ग्लोबल इकोलेबलिंग नेटवर्क द्वारा जेनीसेस के माध्यम से मान्यता प्राप्त है, जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने वाले स्थायी उत्पादों, सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों को चुनने के लिए भवन और निर्माण क्षेत्र में अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए है। पारंपरिक ओपीसी मिश्रणों की तुलना में, न्युवोको के इकोड्योर उत्पाद-इकोड्योर, इकोड्योर प्राइम और इकोड्योर प्लस-कार्बन उत्सर्जन को 60 प्रतिशत तक कम करते हैं। नतीजतन, अग्रणी आर्किटेक्ट और डेवलपर्स इसे सस्टेनेबल और सर्कुलर निर्माण के लिए पहली पसंद मानते हैं। इसके अलावा, कंपनी उन ग्राहकों को ग्रीन प्रो-सर्टिफिकेट भी जारी करेगी, जिन्होंने न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव के साथ पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को खरीदने के लिए पूरी जानकारी के साथ एक बेहतर विकल्प को अपनाया है। मधुमिता बसु, चीफ स्ट्रेटजी एंड मार्केटिंग ऑफिसर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने ये सम्मान और सर्टीफिकेशन प्राप्त करने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि "यह हमारे निर्माण विकास और नवाचार केंद्र में विकसित इनोवेटिव और सस्टेनेबल उत्पादों की पेशकश करके हमारे हितधारकों के लिए मूल्य बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। हमारे प्रोटेक्ट अवर प्लेनेट स्थिरता एजेंडे के हिस्से के रूप में, न्युवोको ने एक विस्तृत स्थिरता रणनीति तैयार की है। उन्होंने आगे कहा कि "सर्कुलर इकोनॉमी हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और हम सक्रिय रूप से स्कूपिंग और निर्माण और निर्माण को ढहाने के बाद निकले कचरे को प्रोसेस करने जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

वक्त विशेष साहित्यिक महोत्सव आयोजित

लुधियाना @ जागरूक जनता। पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा लोगों को वक्त के महत्व का अहसास करवाने के उद्देश्य से ऑनलाइन वक्त विशेष साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका 'विषय - वक्त का महत्व' रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने दिए गए विषय पर आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर महोत्सव की शोभा में चार चाँद लगा दिए और महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस महोत्सव में एक ओर जहां वरिष्ठ रचनाकारों ने रचनाओं में अपनी विशिष्ट साहित्यिक शैली का प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर समूह से जुड़े नवीन रचनाकारों ने भी अपनी अनूठी भावनाओं और विचारों से समूह का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत वक्त गौरव' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने जीवन में वक्त के महत्व के बारे में बताते हुए सभी लोगों को वक्त के साथ चलने के लिए प्रेरित किया तथा महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया और सम्मान पाने वाली सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी। महोत्सव में संध्या शर्मा, भारती राय, स्मिता चौहान, कल्पना यादव रचनाकार उपस्थित रहे।

ANCHOR अवलोकन

पेडणेकर ने ने किया इंदिरा रसोई केन्द्र का निरीक्षण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जालोर। जिले के प्रभारी सचिव आशुतोष ए.टी.पेडणेकर ने जिला मुख्यालय पर लेटा फाटक के पास स्थित इंदिरा रसोई केन्द्र के निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।प्रभारी सचिव आशुतोष ए.टी.पेडणेकर ने जिला कलेक्टर निशांत जैन व जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के साथ लेटा फाटक के पास संचालित इंदिरा रसोई केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कूपन कटवाकर इन्दिरा रसोई केन्द्र में भोजन किया तथा भोजन की गुणवत्ता व केंद्र की व्यवस्थाएँ अच्छी पाये जाने पर सराहना की। उन्होंने साप्ताहिक मेन्यू तथा केन्द्र में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्रभारी सचिव ने प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने की बात कही। राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएंजिले के प्रभारी सचिव आशुतोष ए.टी.पेडणेकर ने राजकीय सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास (महाविद्यालय स्तरीय) का निरीक्षण कर व्यवस्थाएँ जांची।निरीक्षण के दौरान छात्राओं से वार्ता कर उनकी दिनचर्या, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था व मेडिकल सुविधा इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी सचिव ने बालिकाओं से परिचय लेते हुए करियर के प्रति सजग रहने की बात कही।

उन्होंने छात्रावास में बालिकाओं के लिए कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने दूर-दराज के क्षेत्रों से अध्ययन के लिए आई छात्रावास की बालिकाओं से वार्ता करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला कलेक्टर निशान्त जैन, उपखण्ड अधिकारी पूनम चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुभाष मणि सहित छात्रावास के कार्मिक व बालिकाएं उपस्थित रही।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

दुनिया की सबसे पतली इमारत है 1428 फीट ऊंची, तेज हवा चलने पर इमारत में होता है मूवमेंट

जागरूक जनता @ दुनिया की सबसे पतली बिल्डिंग जो हवा के तेज झोंकों से डोलने लगती है। अमेरिका (US) के मैनहट्टन में स्थित ये गगनचुंबी टावर दुनिया में मशहूर है। इस टावर में कुल 60 अपार्टमेंट है। 'सीएनएन' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक इस टावर के एक अपार्टमेंट की कीमत करीब 7.75 मिलियन डॉलर (करीब 58 करोड़ रुपये) से लेकर 66 मिलियन डॉलर (लगभग 330 करोड़ रुपये) के बीच रखी गई है। इसके एक पेंटहाउस की कीमत अरबों रुपये में है। इस गगनचुंबी टावर का पता वेस्ट 57 स्ट्रीट है। शुरुआती दौर में इसे स्टेनवे हॉल के रूप में डिजाइन किया गया था। फिर 15 हजार करोड़ रुपये की लागत से इसी जगह पर रेजिडेंशियल टावर बनाया गया। इस टावर को न्यूयॉर्क आर्किटेक्चर फर्म एसओओपी आर्किटेक्ट्स ने डिजाइन किया और जेडीएस डेवलपमेंट, प्रॉपर्टी मार्केट्स ग्रुप और स्पूस कैपिटल पार्टनर्स ने मिलकर बनाया है। इस टावर को तैयार होने में करीब नौ साल लगे है।

पोर्टल पर अब अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को नहीं भरना होगा एयर सुविधा फॉर्म

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। अब भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को एयर सुविधा फॉर्म नहीं भरना होगा। दरअसल सरकार ने एयर सुविधा पोर्टल पर भरे जाने वाले सेल्फ-डिक्लेरेशन फॉर्म की अनिवार्यता खत्म कर दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार यह फैसला सोमवार मध्य रात्रि से लागू हो गया है। इस पोर्टल को अगस्त 2020 में शुरू किया गया था। यात्रियों को इस पर उनके टीकाकरण या कोविड टेस्ट की स्थिति का विवरण भरना पड़ता था। इसी के साथ अब अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को अपने साथ आरटी-पीसीआर कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट भी नहीं लानी होगी।

मद्रास हाई कोर्ट ने दिया नोटिस

8 लाख तक कमाई वाले EWS 'गरीब' तो उनसे इनकम टैक्स क्यों?

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। सरकार ने 8 लाख तक की सालाना कमाई वालों को आर्थिक रूप से गरीब मान लिया है। इन्हें अब EWS quota में आरक्षण भी दिया जा रहा है। जबकि 2.5 लाख रुपये सालाना कमाई को आय कर वसूली के लिए बेस इनकम माना गया है। अब इसी झोल को देखते हुए मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस दे दिया है। 8 लाख तक सालाना आमदनी पर अपना और परिवार का गुजारा करने वाले मिडिल क्लास हिंदुस्तानी को अब कुछ राहत की उम्मीद बंध गई है। क्योंकि मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने इस संबंध में की गई याचिका पर केंद्र सरकार का जवाब मांगा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के EWS आरक्षण के फैसले को सही बताया है। इस आरक्षण में अनारक्षित जातियों के लोगों में से जिन की सालाना कमाई 7,99,999 रुपये तक है उनको आर्थिक रुप से पिछड़ा मान कर उन्हें आरक्षण का फायदा दिया जाएगा। इसके लिए बकायदा संविधान में 103वां संशोधन किया गया है। ऐसे संविधान संशोधन के सरकार के फैसलों को कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। इस मामले में भी जनहित अभियान नाम के संगठन ने चुनौती दी थी। लंबे विचार के बाद कोर्ट ने इस EWS आरक्षण व्यवस्था को सही माना है।

इनकम टैक्स सीमा पर अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद

अब मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने सरकार से पूछा है कि अगर यह सीमा सही है तो फिर आय कर कानून में ऐसी व्यवस्था क्यों है? आय कर वसूलने के लिए बेस इनकम 2.5 लाख रूपये सालाना की कमाई ही मानी गई है। सोमवार को जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस सत्य नारायण प्रसाद की बेंच ने केंद्र सरकार को यह नोटिस जारी किया। इसने केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय के अलावा वित्त और कार्मिक यानी Personnel मंत्रालय को भी जवाब देने को कहा है। अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी।

इनकम टैक्स सीमा पर याचिका करने वाला राजनीतिक व्यक्ति

हाईकोर्ट में यह याचिका डीएमके पार्टी की एसेट प्रोटेक्शन काउंसिल के कुब्बूर सीनीवासन ने की है। इनका कहना है कि फायनांस एक्ट 2022 के फस्ट शेड्यूल में संशोधन किया जाए। यह प्रावधान कहता है कि कोई भी व्यक्ति जिसकी कमाई साल में 2.5 लाख से कम है वह आय कर की सीमा से बाहर रखा जाएगा।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण से शुभारंभ: देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु होंगे शामिल

महावीरजी की 24 फीट ऊंची खड्गासन व 24 अन्य प्रतिमाओं का प्रतिष्ठा महोत्सव कल से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

श्रीमहावीर जी। श्री महावीरजी में 11 दिन तक भक्ति की बयार बहेगी। 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक 11 दिन के महामहोत्सव के देश ही नहीं विदेश से भी आए लाखों श्रद्धालु साक्षी बनेंगे। इस महोत्सव में दो महोत्सव होंगे। इसके अंतर्गत नवनिर्मित 24 फीट ऊंची 24वे तीर्थंकर महावीर जी की खड्गासन व 24 अन्य प्रतिमाओं का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 24 से 28 नवंबर तक होगा। जबकि दूसरा महोत्सव चांदनपुर के टीले से निकली भगवान महावीरजी की प्रतिमा का 21वीं सदी मेंप्रथम महामस्तकाभिषेक 27 नवंबर से होगा। वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में होने वाले इस महामहोत्सव का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ध्वजारोहण कर शुभारंभ करेंगे।

पहले दिन सुबह निकलेगा घटयात्रा जुलूस

प्रतिष्ठाचार्य संहिता सूरी पं.हसमुख जैन धरियावद के निर्देशन में आयोजित इस प्रतिष्ठा महोत्सव में पहले दिन गुरुवार को ध्वजारोहण और गर्भ कल्याणक की रि याएं होंगी। सुबह कटला प्रांगण से विशाल घटयात्रा जुलूस निकाला जाएगा। यह पांडाल में जाकर समाप्त होगा। मंडप उदघाटन, चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, मंगलकलश स्थापना के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सुबह 11:35 बजे मुख्य ध्वजारोहण से पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वह काफी टेबल बुक एवं महामस्तकाभिषेक स्मारिका का विमोचन भी करेंगे। उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत सहित कई गणमान्य श्रेष्ठीजन उपस्थित रहेंगे।

प्रतिमाओं की होगी प्रतिष्ठा

प्रबंधकारिणी कमेटी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अंतर्गत गठित भगवान महावीर महामस्तकाभिषेक महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं महामंत्री महेंद्र कुमार पाटनी ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान महावीर की 24 फीट ऊंची खड्गासन प्रतिमा सहित परिकरयुक्त चौबीसी और कमल मंदिर की नवग्रह अरिष्ट निवारक जिनालय की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा होगी।

प्रतिमाओं का मस्तकाभिषेक 28 को

प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक 25 नवंबर को जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। 26 नवम्बर को तप कल्याणक महोत्सव, 27 नवंबर को केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव तथा 28 नवंबर को मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। इसी दिन दोपहर में भगवान महावीर की खड्गासन प्रतिमा एवं चौबीसी प्रतिमाओं का मस्तकाभिषेक होगा। महोत्सव में प्रतिदिन सुबह 9 बजे आचार्यश्री के मंगल आशीर्वचन होंगे। शाम को महाआरती, शास्त्र सभा के बाद रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

ANCHOR | अविस्मरणीय

300 लोगों को मौत के घाट उतारने वाला खूंखार मगरमच्छ, कहलाता है 'सीरियल किलर'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बुरूंडी। एक विशालकाय आदमखोर मगरमच्छ, जिसके बारे में कहा जाता है कि उसने 300 लोगों को मार डाला। ऐसा नहीं है कि उसे शिकारियों ने पकड़ने का प्रयास नहीं किया, उनके प्रयासों के बावजूद भी वह खूंखार मगरमच्छ वर्षों तक बचा रहा। करीब बीस फीट लंबे मगरमच्छ को गुस्ताव उपनाम दिया गया है। पूर्वी अफ्रीका के बुरुंडी स्थित तांगानिका झील के पास बस्तियों में स्थानीय लोगों के लिए आतंक बना हुआ है।

करीब 18 फीट लंबा, एक टन वजनी है गुस्ताव

जबकि कई लोगों ने विशाल मगरमच्छ को मारने का प्रयास किया है, लेकिन कोई भी सफल नहीं हुआ। कुछ लोग इस दावे पर विवाद करते हैं कि गुस्ताव एक सदी से अधिक पुराना है। लोग यह तर्क देते हैं कि उसके दांत अभी भी बरकरार है जिससे उसकी आयु 60 के करीब होने की संभावना है। चूंकि गुस्ताव को पकड़ा नहीं गया है, उसकी लंबाई और वजन अज्ञात है, लेकिन 2002 में यह कहा गया था कि वह 18 फीट (5.5 मीटर) से अधिक लंबा हो सकता है, और उसका वजन 2,000 पाउंड (910 किलोग्राम) से अधिक हो सकता है. नेशनल ज्योग्राफिक के अनुसार, लोगों पर उसके हमले सन् 1987 तक दर्ज किए गए हैं। उसने कई आदिवासियों पर हमला किया, यहां तक कि उसे एक सीरियल किलर तक घोषित किया गया। हालांकि, कुछ का मानना है कि सभी की मौत के पीछे सिर्फ एक वही मगरमच्छ नहीं है. प्रत्यक्षदर्शी कहते हैं कि विभिन्न हत्याओं के पीछे अक्सर वही जानवर होता है। उसके सिर के ऊपर एक ही निशान है जिसे सभी याद करते हैं। गुस्ताव को रोकने के कई असफल प्रयासों में से एक को गोली का घाव माना जाता है।

100 साल से अधिक पुराना है मगरमच्छ

बुरुंडी के लोग इस मगरमच्छ से खौफ खाते हैं। वह स्थानीय लोककथाओं का हिस्सा बन गया है. हालांकि, इसकी जानकारी नहीं है कि इसकी क्या आयु है लेकिन विशेषज्ञों का अनुमान है कि 100 साल से अधिक पुराना है। यह मगरमच्छ अभी भी जीवित है और नए शिकार की तलाश में है, कोई सबूत नहीं है कि वह मर चुका है।

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

जागरूक खबरें

■ भारत ने टी-20 सीरीज जीती : बारिश के कारण तीसरा मैच टाई, अर्शदीप-सिराज ने 4-4 विकेट झटके

नेपियर @ जागरूक जनता। भारत और न्यूजीलैंड के बीच नेपियर में खेला गया तीसरा टी-20 बारिश के कारण बेनतीजा रहा। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 19.4 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। डेवोन कॉनवे ने सबसे ज्यादा 59 रन की पारी खेली। वहीं, ग्लेन फिलिप्स ने 54 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा 4-4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के आखिरी 7 विकेट 14 रन बनाने में गिर गए। जवाब में टीम इंडिया ने 9 ओवर में 4 विकेट खोकर 75 रन बना लिए थे। तभी बारिश शुरू हो गई। इसके बाद एक भी बॉल का खेल नहीं हो सका और तीसरे टी-20 को टाई घोषित कर दिया गया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। मैच टाई होने पर सुपर ओवर होता है, लेकिन एक भी बॉल फेंकने की गुंजाइश नहीं थी। ऐसे में मैच को बेनतीजा घोषित कर दिया गया।

हिन्दुस्तान ज़िंक के आतिथ्य में अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता का समापन

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। हिन्दुस्तान ज़िंक, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स में महानिदेशालय खान एवं बचाव के निर्देशन में आयोजित 5 दिवसीय 51वें अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता का समापन प्रभात कुमार, महानिदेशक खान एवं सुरक्षा, महा निदेशालय, धनबाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरटी मांडेकर उपमहानिदेशक खान एवं सुरक्षा, निदेशालय उदयपुर, बीपी सिंह, निदेशक खान एवं सुरक्षा निदेशालय, नागपुर हिन्दुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा, हिन्दुस्तान ज़िंक के हेड सीओई प्रवीण शर्मा एवं दरीबा खान मजदूर संघ के महामंत्री कल्याण सिंह उपस्थित थे। हिन्दुस्तान ज़िंक के आतिथ्य में आयोजित देश की बसे बडी अखिल भारतीय खान एवं बचाव प्रतियोगिता में पहली बार सर्वाधिक टीमों ने भाग लिया, पहली बार माइन रेस्क्यू के प्रशिक्षण के लिये देश की पहली माइनिंग इंजिनियर महिला प्रशिक्षु को सम्मानित करने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अंडर ग्राउण्ड माइन रेस्क्यू रिले रेस का आयोजन किया गया। हिन्दुस्तान ज़िंक की राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रभात कुमार ने कहा कि 'खान एवं खान के बाहर सुरक्षा के लिये प्राथमिकता से ही देश का विकास संभव है। यह हमारा सतत् प्रयास है जो हमारे माईन आनर्स है, माईन ऑपरेटर्स है उन्हें सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक करें। हिन्दुस्तान ज़िंक ने सुरक्षा एवं संचालन के लिये सराहनीय प्रयास किये है। छोटी खदानों में भी सुरक्षा की भावना आई है लोगों में जागरूकता बढ़ी हैं सभी वर्कर्स जागरूक हुए हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी कमी है हम लोग जागरूकता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। 51 वें अखिल भारतीय खान एवं बचाव प्रतियोगिता का आयोजन इसी का प्रयास है। हम लगातार पूरे देश में अलग-अलग खदानों के वर्कर्स को एक दूसरी खदानों में वहां की प्रक्टिस को देखने के लिए शिविर आयोजित करते हैं और परिवार के सदस्यो को बुलाते हैं और उनको भी सुरक्षा के बारे में अवगत कराते हैं ताकि सभी लोग सरुक्षित महसूस कर सकें तभी देश का विकास संभव हो सकता है। इस अवसर पर हिन्दुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने कहा कि 51वीं अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता सभी के लिए नए बचाव कौशल सीखने और विकसित करने और व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर था। सभी टीमों और उनके सदस्यों के बीच निस्वार्थ रूप से दूसरों की मदद एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहयोग वास्तव में प्रतित होना प्रसन्नत का विषय है। इस प्रकार के आयोजन उद्योग के लिए एक साथ आने, चुस्त रहने और एक दूसरे की सीख को बेंचमार्क करने के लिए अनिवार्य हैं। हिन्दुस्तान ज़िंक को उद्योग से सबसे अधिक भागीदारी के साथ सबसे बड़ी भूमिगत खदान बचाव प्रतियोगिता की मेजबानी करने पर गर्व है।

जयपुर में 20 साल बाद इंडिपेंडेंट हाउसिंग स्कीम

प्रताप नगर में 167 विला की स्कीम अगले महीने लांच करेगा हाउसिंग बोर्ड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर में घनी आबादी के बीच इंडिपेंडेंट हाउस का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर के प्रताप नगर में अगले महीने हाउसिंग स्कीम लांच करने की तैयारी कर ली है। इस स्कीम में तीन अलग-अलग साइज के 167 मकान लॉटरी के जरिए अलॉर्ट किए जाएंगे। इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा के बाद जयपुर में घनी आबादी के बीच ऐसी स्कीम करीब 20 साल बाद लांच हो रही है। हाउसिंग बोर्ड में आज हुई बोर्ड बैठक में इस स्कीम के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बोर्ड के कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया कि दिसंबर में इस योजना को लांच करने

की तैयारी है। इसकी अलॉर्टमेंट रेट अभी तय करना बाकी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रताप नगर के राणा सांगा मार्ग पर 90 हजार वर्गमीटर जमीन चिह्नित की है, जिस पर स्वतंत्र आवास के अलावा मल्टी स्टोरी फ्लैट्स की स्कीम भी लेकर आएंगे।

विला के साथ बनेंगे लग्जरी फ्लैट्स भी

कमिश्नर अरोड़ा ने बताया कि प्रताप नगर के सेक्टर 28 राणा सांगा मार्ग द्वारकापुरी सर्किल के सामने स्थित खाली जमीन पर बनाई जाने वाली इस स्कीम में 135, 112.50 और 98 वर्गमीटर भूखण्ड साइज के आवास होंगे, जो विला के रूप में बनाकर आवंटित किए जाएंगे। इसके अलावा यहां एक सेंट्रल पार्क और क्लब हाउस भी बनाया जाएगा। इसके अलावा इस योजना के पास ही 3 और 4 बीएचके के मल्टीस्टोरी फ्लेट्स की स्कीम भी प्रस्तावित की है, जिसमें कुल 224 फ्लैट्स होंगे।

HC ने RCA चुनाव से हटाई रोक, रिट याचिका खारिज

नए चुनाव अधिकारी सुनील अरोड़ा कराएंगे चुनाव, नए सिरे से होगा पूरा इलेक्शन प्रोसेस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने पर लगी रोक राजस्थान हाईकोर्ट ने हटा दी है। 4 जिला क्रिकेट एसोसिएशन और उनके सेक्रेट्री की रिट याचिका को आज हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट जयपुर बेंच में जस्टिस इंद्रजीत सिंह की कोर्ट में RCA की ओर से एडवोकेट प्रतीक कासलीवाल और याचिकाकर्ताओं की ओर से एकवोकेट अभिनव शर्मा ने पैरवी की। भारत के पूर्व चीफ इलेक्शन कमिश्नर सुनील अरोड़ा ही RCA के चुनाव कराएंगे। चुनाव का पूरा प्रोसेस नए सिरे से होगा। अब RCA जल्द ही बैठक बुलाकर चुनाव कार्यक्रम घोषित कर सकता है। माना जा रहा है कि दिसम्बर महीने में ही चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। नोटिस के लिए नियमानुसार 21 दिन का पीरियड देना होता है।

4 जिला क्रिकेट संघों और उनके सचिवों ने लगाई थी याचिका

RCA के एडवोकेट प्रतीक कासलीवाल ने कहा- राजस्थान हाईकोर्ट ने 4 डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन दौसा, गांगानगर, नागौर, अलवर और उनके 4 सेक्रेट्री मिलाकर कुल 8 याचिकाकर्ताओं ने यह रिट याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट में RCA की ओर से पैरवी करते हुए कहा कि रामलुभाया ने 27 अक्टूबर को व्यक्तिगत कारणों से रिजाइन कर दिया था। 11 नवंबर को नया चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया। 16 नवंबर को सुनील अरोड़ा ने इसकी एक्सेप्टेंस और कंसेंट भी दे दी।

कोर्ट ने कहा- RCA चुनाव कराने के लिए अब स्वतंत्र

कोर्ट को बताया गया नए चुनाव अधिकारी भारत के चीफ इलेक्शन कमिश्नर रह चुके हैं। वह सबसे सीनियर मोस्ट ऑफिसर रहे हैं, जिन्होंने देश में चुनाव करवाए हैं। इस पर कहीं भी आपत्ति नजर नहीं आई। कोर्ट ने कहा इस लाइट में हम रिट याचिका का डिस्पोजल कर रहे हैं। RCA चुनाव कराने के लिए अब स्वतंत्र है।

क्या है पूरा मामला ?

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव पर रोक लगी हुई थी। जिसकी पिछली सुनवाई शुक्रवार को हुई, लेकिन तब फैसला नहीं हो पाया था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान वैभव गुट की ओर से राम लुभाया की जगह सुनील अरोड़ा को चुनाव अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई। जिस पर कोर्ट ने ऑन रिकॉर्ड दस्तावेज मांगते हुए अगली सुनवाई के लिए 22 नवंबर की तारीख दी थी। दरअसल, RCA चुनाव अधिकारी बनाए गए रिटायर्ड IAS रामलुभाया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसे लेकर 4 जिला क्रिकेट संघों और उनके सचिवों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। नए चुनाव अधिकारी देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा को तय किया गया। सुनील अरोड़ा की नियुक्ति को लेकर नांदू गुट भी संतुष्ट है। नागौर जिला रि केट संघ के सचिव राजेंद्र सिंह नांदू ने कहा था कि सुनील अरोड़ा की नियुक्ति से हमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन साथ ही उन्होंने कहा था कि वैभव गुट ने गलत तरीके से कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर उन्हें नियुक्त किया है। जो पूरी तरह गलत है। हम हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे। अगर हाईकोर्ट सुनील अरोड़ा को चुनाव अधिकारी नियुक्त करता है। तो हमें कोई आपत्ति नहीं होगी।

अलग-अलग पदों के लिए इन चेहरों ने नॉमिनेशन दाखिल किया था

वैभव गुट पैनल : अध्यक्ष- वैभव गहलोत, उपाध्यक्ष- राजेश भडाना, सतीश व्यास, रतन सिंह, सचिव- भवानी सामोता, कोषाध्यक्ष- रामपाल शर्मा, संयुक्त सचिव- सतीश व्यास, राजेश भडाना, कार्यकारिणी सदस्य- फारूख अहमद।

नांदू गुट पैनल : अध्यक्ष- धनंजय सिंह, मुकेश शाह उपाध्यक्ष- धनंजय सिंह, मुकेश शाह, सचिव- राजेन्द्र सिंह नांदू, कोषाध्यक्ष- विनोद सहारण, संयुक्त सचिव- अरुण सिंह, कार्यकारिणी सदस्य- कोई नामांकन फाइल नहीं किया गया।

कार्यकारिणी सदस्य पर मिल गई थी जीत

RCA कार्यकारिणी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 30 सितंबर को सुबह 8 से 10 बजे तक वोटिंग प्रस्तावित थी। इसके बाद रिजल्ट जारी किया जाता। कार्यकारिणी सदस्य पर वैभव गुट के फारूख अहमद का निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। लेकिन पूरा चुनाव प्रोसेस दोबारा होने से फारुख को भी दोबारा नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा। तब नांदू गुट की ओर से फारूख के खिलाफ किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया था।

RCA चुनाव में 36 वोटर्स की लिस्ट थी

अजमेर से राजेश भडाना, अलवर से पवन गोयल, बांसवाड़ा से मनीष देव जोशी, बारां से अभिनव जैन, बाड़मेर से देवाराम चौधरी, भरतपुर से शत्रुघ्न तिवाड़ी, भीलवाड़ा से रामपाल शर्मा, बीकानेर से रतन सिंह, बूंदी से राजकुमार माथुर, चित्तौड़गढ़ से शक्ति सिंह, चुरू से सुशील शर्मा, दौसा से प्रदीप नागर, धौलपुर से सोमेंद्र तिवाड़ी, डूंगरपुर से सुशील जैन, हनुमानगढ़ से मनीष धारनिया, जयपुर से अमितराज, जैसलमेर से विमल शर्मा, जालौर से सतीश व्यास, झालावाड़ से फारुख, झुंझुनूं से राजेंद्र राठौड़, जोधपुर से शैतान सिंह, करौली से शिवचरण माली, कोटा से अमीन पठान, नागौर से राजेंद्र नांदू, पाली से धर्मवीर, प्रतापगढ़ से चंद्रेश आंजना, राजसमंद से गिरिराज सनाढ्य, सवाई माधोपुर से सुमित गर्ग, सीकर से सुभाष जोशी , सिरोही से संयम लोढा, श्रीगंगानगर से विनोद सहारण, टोंक से विवेक व्यास और उदयपुर से महेंद्र शर्मा के नाम के साथ ही तीन पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेट प्लेयर्स में सलीम दुर्रानी, गगन खोड़ा और पंकज सिंह शामिल थे।

नए सिरे से होगी पूरी चुनाव प्रक्रिया

एडवोकेट प्रतीक कासलीवाल ने कहा- अब RCA चुनाव की पूरी प्रक्रिया दोबारा नए सिरे से अपनाएगा। यही तय किया गया है। कुच याचिकाएं बीच में चुनाव प्रक्रिया को भी चैलेंज करते हुए हुई थी। इसलिए तमाम विवादों को खत्म करने के लिए पूरी चुनाव प्रक्रिया फिर से होगी। आज जिला संघों में सूची के नामों पर कोई बहस नहीं हुई। सवाईमाधोपुर, दौसा,बूंदी की अलग-अलग याचिकाएं चल रही हैं। उन याचिकाओं में चुनाव अधिकारी की ओर से दी गई लिस्ट में फेरबदल की बात कही गई थी। लेकिन क्योंकि अब चुनाव नए सिरे से हो रहे हैं। इसलिए उस मुद्दे को कोर्ट के सामने नहीं रखा गया। मेरा मानना है कि नए सिरे से चुनाव प्रक्रिया करवाने पर अब वो याचिकाएं भी सारहीन हो जाएंगी। क्योंकि अब नए चुनाव अधिकारी अपने नोटिफिकेशन के तहत दोबारा से आपत्तियां आमंत्रित करेंगे। अपनी चुनाव की वोटर लिस्ट फाइनल करेंगे। उससे कोई पीड़ित, शोषित या कुंठित होता है, तो वो अपनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है।

30 सितम्बर को होने थे चुनाव, लेकिन 29 सितम्बर को रोक लगी

नांदू गुट की ओर से भी सुनवाई के दौरान रामलुभाया के खिलाफ कोर्ट में कहा गया कि रामलुभाया को राजस्थान सरकार ने लाभ का पद दिया है। क्योंकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव RCA का चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में पूरी संभावना है कि राम लुभाया मुख्यमंत्री के बेटे को फायदा पहुंचा सकते हैं। इसलिए निष्पक्ष चुनाव अधिकारी बनाए जाने तक चुनाव स्थगित करने चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने 30 सितम्बर को होने वाले RCA चुनाव से एक दिन पहले 29 सितम्बर को नांदू गुट के पक्ष में आदेश देते हुए चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री द्वारा चित्तौड़गढ़ को नहीं दी गई कोई बड़ी सौगात

महापुरूषों की मूर्तियां करती रही अनावरण का इंतजार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने बताया कि मुख्यमंत्री के चित्तौड़गढ़ आगमन के पश्चात भी चित्तौड़गढ़ को कोई बड़ी सौगात नहीं मिल पाई।

विधायक प्रवक्ता गिरीश दीक्षित ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के चित्तौड़गढ़ दौरे चित्तौड़गढ़ पर विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इन्दिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जनता का रूझान कम देखने को मिला जिससे यह प्रतीत होता है कि जनता का कांग्रेस सरकार से विश्वास उठ गया है। कार्यक्रम में बड़ी उम्मीद के साथ समस्या से अवगत कराने आये आमजन को कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचने दिया गया जिससे आमजन में हताशा देखने को मिली।

मुख्यमंत्री द्वारा चित्तौड़गढ़ शहर में राजीव गांधी पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा के साथ ही नगर के अन्य स्थानों पर लाखों रुपये की लागत से निर्माण की गई महापुरूषों की मूर्तियों का लोकार्पण/अनावरण भी नहीं करना यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का चित्तौड़गढ़ दौरा आनंद फानंद में एवं गफलतभरा रहा। महापुरूषों की मूर्तियों के अनावरण के लिए भी समय नहीं दे पाना भी मुख्यमंत्री की महापुरूषों के प्रति सम्मान में उदासीनता प्रकट करता है।

मुख्यमंत्री दौरे को लेकर चित्तौड़गढ़ की जनता उम्मीद कर रही थी कि कांग्रेस शासन के चार वर्ष बित जाने के बाद ही सही शायद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चित्तौड़गढ़ जिले एवं नगर के विकास की सुद ली जाये एवं चित्तौडगढ जिले एवं नगर को विकास की कोई बड़ी सौगाते मिले परन्तु मुख्यमंत्री गहलोत का यह दौरा चित्तौड़गढ़ की जनता के लिए पूर्ण रूप से निराशाभरा रहा। मुख्यमंत्री का यह दौरा पूर्ण रूप से जनता की नजर में विफल रहा एवं जनता का पैसा व्यर्थ में बर्बाद किया गया।

तंबाकू मुक्त विद्यालय एवं महाविद्यालय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर द्वितीय जिले के 6 ब्लॉक बस्सी, चाकसू, दूदू, सांभर लेक, सांगानेर, फागी क्षेत्र में निजी एवं सरकारी विद्यालयों/ महाविद्यालयों मैं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त विद्यालय एवं तंबाकू मुक्त महाविद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे छात्र-छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी तथा तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के विषय में जानकारी देकर अवगत कराया गया। जयपुर द्वितीय जिला क्षेत्र में स्कूल कॉलेज में सोसाइटी द्वारा विभिन्न प्रकार के बैनर, पंपलेट वितरण एवं चस्पा कर शिक्षण परिसर में 100 गज की परिधि क्षेत्र में तंबाकू विक्रय एवं सेवन को कानूनी अपराध मानते हुए 200 रुपए के जुर्माने का प्रावधान हेतु संदेश देकर अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ साथ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है तथा प्रथम आने वाले विद्यार्थी को सम्मानित भी किया जा रहा है। सोसायटी के अध्यक्ष संजय कटारा द्वारा बताया गया। इस क्षेत्र में सोसाइटी के परियोजना अधिकारी बतौर प्रतिनिधि गौरव मिश्रा, वैभव मिश्रा शुभम गागर द्वारा उक्त कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

किसानों की माली हालात में सुधार के लिये सहकारी बैंको का सहयोग आवश्यक-डेयरी अध्यक्ष

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। चित्तौड़-प्रतापगढ दुग्ध उत्पादक सहकार संघ अध्यक्ष बद्रीलाल जाट जगपुरा ने कहा कि किसानों की माली हालात में अपेक्षानुरूप सुधार के लिये सहकारी बैंको को भी हर संभव सहयोग के लिये आगे आना होगा ताकि किसान पशु क्रय करने के लिये 3 से 5 लाख रूपये तक ऋण प्राप्त कर पशुपालन के माध्यम से श्वेत क्रांति में अपनी अहम भूमिका निभा सके। डेयरी अध्यक्ष जाट 69वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के तहत सरस डेयरी परिसर में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से न केवल दूध बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी बैंको के सहयोग से किसानों के जीवन स्तर को उंचा उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में नवाचार के रूप में दूध की मात्रा बढाने के लिये पशु पालकों को प्रोत्साहित कर अधिकाधिक पशु संख्या बढाने व पशु क्रय करने के लिये सहकारी बैंको के माध्यम से आवश्यकतानुसार ऋण उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। जाट ने डेयरी से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं एंव नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि पशु पालक अब कृषि के साथ-साथ पशु पालन में रूचि लेने लगे है। गोष्ठी की अध्यक्षकता करते हुए केंद्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक नानालाल चावला ने बैंक के माध्यम से किसानों को दिये जाने वाले फसली ऋण की विस्तार से जानकारी दी। जिला सहकार संघ के घनश्याम कुमावत ने सहकारिता की मूल भावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोष्ठी के विषय उद्यमिता विकास एंव सार्वजनिक निजी सहकारी भागीदारी को सुदृढ करने की भावना को समझ कर सहकार से जुड़े सभी लोगों को समन्वित प्रयास करने होंगे।

ANCHOR निरीक्षण

औचक निरीक्षण में देवपुरा इंदिरा रसोई को मिली शाबासी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। नगर परिषद बूंदी एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में संचालित इंदिरा रसोई देवपुरा में बूंदी जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी आईएएस के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। प्रभारी सचिव के साथ जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी भी मौजूद रहे। आमजन की भांति ही प्रभारी सचिव एवं जिला कलेक्टर ने टोकन कटवा कर लाभार्थियों एवं कॉलेज की छात्राओं के साथ खाना खाया एवं रसोई की सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। प्रभारी सचिव निरीक्षण के दौरान नगर परिषद आयुक्त महावीर सिंह सिसोदिया एवं पार्षद देवराज सिंह गोचर भी उपस्थित रहे। रसोई प्रभारी मैडम दीप्ति के मार्गदर्शन में कार्य देवपुरा के

कार्मिकों को सराहनीय कार्य हेतु विकल्प इंडिया सोसाइटी के अध्यक्ष संजय कटारा द्वारा धन्यवाद व्यक्त किया गया। इंदिरा रसोई देवपुरा में मॉडल रसोई के रूप में कार्य कर रही है जहां मुख्यमंत्री गहलोत की अभिनव योजना कोई भूखा ना सोए के अनुसार 8 रुपए में निर्धन गरीबों भूखे व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। देवपुरा बूंदी इंदिरा रसोई का खाना स्वादिष्ट उचित गुणवत्ता उचित मात्रा में परोसा जा रहा है जिसकी प्रशंसा वहां पर उपस्थित लाभार्थियों द्वारा की जा रही है।

समाज विकास पर की चर्चा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सावर। अखिल भारतीय रैगर महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बृजराज बोहरा व सावर सत्ताईसा के ब्लॉक प्रभारी ओमप्रकाश कांसोटिया ने मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र के आलौली,सदारी मेंहरूकलाँ,नयागांव मालियान आदि सहित कई गांवों का दौरा कर समाज के लोगों से रूबरू हो समाज विकास पर चर्चा कर समाज के कार्यकलापों जानकारी ली एवं लोगों से चर्चा कर समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग कर शिक्षा के महत्व को समझाया।

इस दौरान रेगर महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री ब्रजराज बोहरा कहा कि लड़का और लड़की के साथ होने वाले भेदभाव को मिटाना होगा तथा दोनों के अंतर को पाटकर समान रूप से शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को शिक्षित करना होगा क्योंकि अगर लड़की शिक्षा ग्रहण कर पैरों पर खड़ी होती है तो ससुराल में अपने बच्चों का भविष्य संवारने के साथ-साथ कुल का नाम भी रोशन करती है, इसलिए शिक्षा को महत्व देना होगा क्योंकि शिक्षा ही पिछड़ेपन को दूर करने की औषधि है। इसी तरह सावर सत्ताईसा के ब्लॉक प्रभारी ओमप्रकाश कांसोटिया मैं अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा समाज के लोगों से कहा कि बाल विवाह, घूंघट प्रथा, मृत्यु भोज आदि समाज में व्याप्त बुराइयों को त्याग करने से ही सभ्य समाज का निर्माण हो सकेगा। तब कहीं जाकर समाज प्रगति पथ पर आगे बढ़ सकेगा। इस दौरान समाज के कई लोगों ने प्रेरित होकर बुराइयों को त्यागने का संकल्प भी लिया। इससे पूर्व समाज के दोनों पदाधिकारियों का लोगों ने माल्यार्पण व साफा बंधन कर जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान ब्लॉक संरक्षक कालूराम शैरसिया, उपप्रभारी गोपाल ठेकेदार,सचिव रंगलाल आलोरिया, किसान संघ के प्रदेश महासचिव महावीर रेगर मेंहरूकलाँ, नर्सिंग ऑफिसर बनवारी लाल झारोटिया गुड़गांव, गुदड़मल जगरवाल नयागांव मालियान, नर्सिंग ऑफिसर मुकेश कुमार बारोलिया जीतापुरा, दुर्गा लाल रेड़िया, रामेश्वर भाकरीवाल सदारी, चेतन रेडिया राजपुरा आदि सहित मौजूद थे।

जागरूक खबरें

■ कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुभारम्भ

खारिया @ जागरूक जनता। खारिया खंगार गांव स्थित ठाकुर जी महाराज मंदिर प्रांगण में मंदिर जीर्णोद्धार के प्रथम बरसी पर सात दिवसीय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव गाजे बाजे के साथ संतो का बधावणा हुआ। इससे पूर्व गांव में कलश यात्रा निकाली गई। मंगलवार को पीत वस्त्रों से सुसज्जित महिलाएं गीत गाती और अपने सिरों पर मंगल कलश धारण किए हुए कलश यात्रा में शामिल हुई। आयोजक मण्डल के महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया की कथा का वाचन मंगलवार 22 नवम्बर से 28 नवम्बर तक सुबह 12 बजे से 3 बजे रामधाम देवल धाम मेड़ता के उत्तराधिकारी संत श्री रामनिवास महाराज शास्त्री के मुखारविंद से किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन सायंकाल साढ़े सात बजे से रात्रिकालीन दस बजे तक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर 28 नवंबर को प्रात कालीन सवा सात बजे विशेष हवन के साथ प्रसाद वितरण और महाआरती कार्यक्रम होगी।

■ प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत थैलीया की जप्त

केकड़ी @ जागरूक जनता। मंगलवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत शहर में अधिशासी अधिकारी बसंत कुमार सैनी के निर्देशानुसार सदर बाजार, बसस्टेण्ड का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न दुकानदारों से प्लास्टिक की थेलियां, पैकेट पत्तल, पैकेट दोने, पैकेट गिलास इत्यादि कुल 96 किलोग्राम पकडी गई तथा जिनसे 500-500 रूपये दुकानदारो के 9 चालान काटे गये। सभी से कुल 22500/- रूपये का जुर्माना वसूल किया गया तथा चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि इनके पास सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद होती है तो इनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त आदेश/निर्देश की पालना में आशीष जमादार, महेन्द्र परिहार जमादार एवं सफाई कर्मचारी टीम द्वारा कार्यवाही की गई।

■ न्युवोको ने अपनी नई डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ऐप-न्युवोनिर्माण लॉन्च की

चित्तौड़गढ @ जागरूक जनता। हर किसी के लिए घर बनाना एक कठिन काम है, जिसमें बजट, प्लॉट का आकार, घर की योजना, निर्माण सामग्री का चुनाव और कई अन्य महत्वपूर्ण चुनौतियां शामिल हैं। इन सभी कार्यों के आसान समाधान और एक आकर्षक ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और आधुनिक निर्माण सामग्री में पचास से अधिक उत्पादों की क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, ने नई न्युवोनिर्माण ऐप लॉन्च की है। नई न्युवोनिर्माण ऐप, पहली डायरेक्ट-टू-कस्टमर होम असिस्ट ऐप है। यह एक ऑल-इन-वन डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो न्यूनतम टर्नअराउंड समय और न्यूनतम निर्भरता के साथ, घर के निर्माण और निर्माण के चरणों में जरूरी सूचनाएं और जानकारियां प्रदान करता है। इसके साथ ही ये ऐप निर्माण संबंधित मार्गदशन प्रदान करते हुए समय समय पर उपयोगी सलाह भी देती है। निर्माण के बारे में जरूरी जानकारी प्रदान करने के अलावा, न्युवोनिर्माण, घर या किसी भी अन्य भवन के निर्माण के चरणों के बारे में अपनी विशेषज्ञता को साझा करती है। साथ ही उपभोक्ताओं को नवीनतम और सबसे इनोवेटिव उत्पादों के बारे में सूचित करती है और उपभोक्ताओं को वित्तीय मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस ऐप का उपयोग करके, व्यक्तिगत होम बिल्डर्स (आईएचबी) सहित उपभोक्ता विभिन्न फ्लोर प्लान देख सकते हैं, निर्माण सामग्री की लागत की गणना कर सकते हैं, विभिन्न विषयों पर लिखे गए लेखों और वीडियो के माध्यम से निर्माण के विभिन्न चरणों के बारे में जान सकते हैं। साथ ही निर्माण के लिए आवश्यक उत्पादों के बारे में और उनका उपयोग करने के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी एवं स्व. राजीव गांधी की मूर्ति का अनावरण

देश के लिए बलिदान देने वालों का हो सम्मान : मुख्यमंत्री

» चित्तौड़गढ़ में 149 करोड़ रूपए के 32 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

» सामाजिक न्याय व सामाजिक सुरक्षा सरकार का ध्येय

» महंगाई व बेरोजगारी देश में बड़ी समस्या

» देश की सैन्य शक्ति पर हम सभी को गर्व

» बालिका शिक्षा के क्षेत्र में लिए जा रहे अहम फैसले

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर-चित्तौड़गढ़। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के कार्यकाल में राष्ट्रहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए। स्व. इंदिरा जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने और पाकिस्तान को विभाजित कर बांग्लादेश बनवाने जैसे साहसिक निर्णय लिए। इस युद्ध में 90 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करवाने वाली भारतीय सैन्य शक्ति पर हम सबको गर्व है। गहलोत मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में इंदिरा गांधी स्टेडियम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी उद्यान में स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा के अनावरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 149 करोड़ रूपए के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि प्रतिमा अनावरण के बाद यहां आने वाले युवाओं को इन महान नेताओं के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद आयी सरकारों द्वारा भारत के नव लोकतंत्र को सशक्त करने का कार्य किया गया। इसी का परिणाम है कि देश में संविधान लागू होने के साथ ही महिलाओं को मतदान करने का अधिकारी मिला, जबकि अन्य लोकतंत्रों में इसमें काफी समय लगा। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री, इन्दिरा गांधी एक महान नेता के रूप में देश के सामने आई। उन्होंने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर देश की अखंडता की रक्षा की। देश के लिए बलिदान देने वाले नेताओं का सभी के द्वारा सम्मान होना चाहिए।

सरकार की जन केंद्रित योजनाओं से आमजन को मिल रही राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सकारात्मक सोच के साथ हर वर्ग की प्रगति के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से आमजन को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है। इस योजना के तहत प्रदेशवासियों के लिए 10 लाख तक का इलाज निःशुल्क कर दिया गया है। लीवर ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट, कॉक्लियर इम्प्लांट आदि जटिल उपचारों में 10 लाख की सीमा समाप्त कर दी गई है। सभी प्रकार की दवाईयां और जांचें निःशुल्क कर दी गई है। इसके अलावा 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा आमजन को दिया जा रहा है। इंदिरा रसोई में मात्र 8 रुपये में पौष्टिक भोजन परोसा जा रहा है। राज्य सरकार प्रति थाली 17 रुपए का अनुदान दे रही है। मंत्री स्वयं जाकर समय-समय पर इंदिरा रसोइयों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि भोजन की गुणवत्ता बनी रहे।

युवाओं को मिल रहा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्याएं बनकर उभरी है। परन्तु राजस्थान में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान कार्यकाल में अब तक 1 लाख 25 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। लगभग इतने ही सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती की घोषणा की जा चुकी है। निजी क्षेत्र में भी रोजगार सृजित करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में आयोजित इन्वेस्ट राजस्थान समिट में लगभग 11 लाख करोड़ रूपए के एमओयू साइन हुए हैं। इनकी रि यान्विति से वृहद् स्तर पर राज्य में रोजगार सृजित होंगे।

महिला शिक्षा में राज्य बढ़ रहा आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के निर्णयों से महिला शिक्षा के क्षेत्र में राज्य लगातार आगे बढ़ रहा है। पिछले चार सालों में राज्य में 211 महाविद्यालय खुले हैं जिनमें 91 बालिका महाविद्यालय हैं। राज्य सरकार द्वारा किसी विद्यालय में 500 बालिकाओं का नामांकन होने पर महाविद्यालय खोले जाने का एतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति प्रतापसिंह खाचरियावास, सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, राजस्थान हेरिटेज कंजर्वेशन एवं प्रमोशन ऑथोरिटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, पुलिस महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार, जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

ओपीएस लागू करने के निर्णय की चर्चा पूरे देश में-मुख्यमंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने के राजस्थान सरकार के फैसले की चर्चा पूरे देश में हो रही है और एक दिन यह योजना पूरे देश मे लागू होगी। मुख्यमंत्री ने अपनी चित्तौड़गढ़ यात्रा के दौरान इंदिरा प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में विभिन्न कर्मचारी एवं पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी का अगर भविष्य सुरक्षित होगा तो वह बेहतर कार्य करेगा इसलिए राजस्थान सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण से यह निर्णय लिया। सरकार ने ओपीएस लागू करने की सिर्फ घोषणा ही नहीं की बल्कि इसे धरातल पर लागू भी कर दिया है और कई कर्मचारियों को इसका लाभ भी मिल चुका है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न कर्मचारी एवं पेंशनर संगठनों ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने के लिए कर्मचारियों ने माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें 'हिंदुस्तान के पेंशन गांधी' नाम दिया। उन्होंने संविदाकर्मियों का स्थाईकरण, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी जैसे संवेदनशील फैसले लेने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री रामलाल जाट, शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला, खाद्य व नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास व राजस्थान विरासत संरक्षण प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत भी उपस्थित रहे।

हेलीपैड पर लगे अशोक गहलोत जिंदाबाद के नारे

इससे पहले पुलिस लाइन, चित्तौड़गढ़ स्थित हेलीपेड पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आगमन के साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल, आईजी उदयपुर रेंज प्रफुल्ल कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, जिले के प्रभारी मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, शिक्षा मंत्री बी. डी. कल्ला, बेगूं विधायक राजेंद्र सिंह विधुड़ी, वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत, दिनेश खोड़िया सहित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

नीयत अच्छी हो तो जमाना अच्छा होता है-खाचरियावास

जिला प्रभारी मंत्री तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि महाराणा प्रताप, पन्नाधाय की धरती पर जिस तरह श्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है, ऐसा उदाहरण पूरे देश क्या दुनिया में नहीं मिलेगा। आज प्राइवेट अस्पताल में एक पैसा नहीं लगता, चिरंजीवी योजना ने लाखों लोगों को एक नया जीवन दिया है।

हिन्दुस्तान जिंक द्वारा 265 खुशी आंगनबाड़ियों में बाल मेले आयोजित

5 जिलों में 6000 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा संचालित खुशी परियोजना के तहत 265 आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल दिवस के अवसर पर 7 दिनों तक चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद, अजमेर और उदयपुर के 6022 बच्चों और उनके अभिभावकों ने प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में सहभागिता की। समारोह में बाल मेले का आयोजन किया गया था, जिसमें नृत्य, कविता पाठ और फैंसी ड्रेस जैसी मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने सभी गतिविधियों में बड़े उत्साह और आनंद के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न आयु समूहों के बीच एथलेटिक भावना को बढ़ाने के लिए हिट द पिरामिड, जलेबी रेस, लेमन रेस जैसे प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। खुशी आंगनवाड़ी कार्यक्रम का उद्देश्य 3,145 आंगनवाड़ी केंद्रों में एकीकृत बाल विकास सेवा आईसीडीएस विभाग के सहयोग से बच्चों के सर्वांगीण विकास को मजबूत करना है। हिन्दुस्तान जिंक एस एंड पी ग्लोबल प्लैट्स मेटल अवार्ड 2022 में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व हेतु पुरस्कृत एकमात्र भारतीय कंपनी है। खुशी परियोजना से प्रदेश के 5 जिलों के 2400 गाँवों में 1,60,000 से अधिक बच्चें लाभान्वित हो रहे है। यह परियोजना स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, पूर्वस्कूली शिक्षा प्रदान करने और सामुदायिक जुड़ाव पर सक्रिय रूप से कार्यरत है।

सिरोही जिले में नवीन नर्सिंग कॉलेज का प्रभारी मंत्री ने किया शिलान्यास

सुविधाओं का लाभ लेकर योजनाओं का करें व्यापक प्रचार-प्रसार-लोढ़ा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान विधानसभा के उप मुख्य सचेतक एवं सिरोही जिले के प्रभारी महेन्द्र चौधरी एवं विधायक संयम लोढा ने सिरोही में नवीन नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधिवत भूमि पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि नर्सिंग कॉलेज खुलने से क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेगी साथ ही रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने आम जनता का आव्हान किया कि वे प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का लाभ लेकर इन योजनाओ का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभान्वित होने से वंचित नही रहे। उन्होंने कहा कि विधायक संयम लोढा के प्रयासों से जिले में चिकित्सा, शिक्षा, बिजली व आमजन की मुलभूत सुविधाओं से संबंधित ऐतिहासिक विकास कार्य हुए है।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आमजन को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ दुरस्थ क्षेत्रों में भी विकास कार्य करवाएं है। इंदिरा रसोई योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवारों को पोष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। वृद्धजनों के लिए निःशुल्क तीर्थ यात्रा योजना शुरू की गई है, पेंशन की राशि 750 रुपये से बढाकर 1000 रुपये की गई है। दवाईया, ईलाज व जांच निःशुल्क की गई है। मुख्यमंत्री चिरंजीव योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का ईलाज निःशुल्क किया जा रहा है। शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की गई है जिसके तहत अब शहरों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री सलाहकार एवं क्षेत्रीय विधायक संयम लोढा ने कहा कि सिरोही के लिए यह ऐतिहासिक दिवस है जब मेडिकल कॉलेज का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आर्शीवाद से नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कोरोना काल के समय का जिक्र करते हुए कहा कि ?सी स्थिति में भी लोगो के बीच रहकर यह सुनिश्चित किया कि जनहानी ना होवे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने तत्समय सिरोही जिले की पीडा को समझते हुए सैम्पल टेस्ट के लिए लैब स्वीकृत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में जिले को बहुत सी सुविधाए उपलब्ध करवाई है।

रानी लक्ष्मीबाई का जीवन करेगा आत्मविश्वास व ऊर्जा का संचार- टाक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

पीपाड़ शहर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बिलाड़ा नगर इकाई पीपाड़ शहर द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष में व मिशन साहसी पर विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं , महिलाओं का सम्मान समारोह में रखा गया। इकाई ने विभिन्न शिक्षा संस्थानों में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई। कॉलेज के साथ आर. के. पैराडाइज स्कूल प्रांगण में इस कार्यक्रम को अपने स्तर पर मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ की गई जिसमें एबीवीपी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और इतिहास को याद करना था, जिन्होंने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

कार्यक्रम में एबीवीपी के नगर अध्यक्ष मनीष सैनी ने लड़कियों से रानी लक्ष्मीबाई के बारे में पढ़ने और खुद को सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाने का आग्रह किया।जिसमें विद्यालय एवं महाविद्यालय की जिन छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और साथ ही राजकीय सेवा में जो महिलाएँ विभिन्न क्षेत्र में देश की सेवा कर रही उन्हें भी सम्मानित किया गया । वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए अजय टाक ने कहा कि मिशन साहसी से प्राप्त प्रशिक्षण से छात्राएं अपनी आत्म रक्षा कर वाह्य परिवेश में फैली कुरूतियो को दूर कर समाज को एक नई दिशा प्रदान कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी प्रान्त उपाध्यक्ष कंचन चारण, ज़िला संयोजक रामलाल परिहार का प्रवास रहा।

अर्बन बैंक ने मनाया 69वां सहकार सप्ताह

नवाचार से ही आगे बढ़ना संभव-डॉ. सेठिया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चितौड़गढ। रेफकब निदेशक एवम चितौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. अध्यक्ष डॉ आई.एम. सेठिया में कहा की बैंकिंग सहित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सूचना एवं तकनीकी व प्रतिस्पर्धा के युग में आगे बढ़ने के लिए नवाचार को अंगीकार करना जरूरी है। जमाना बदल रहा है और यदि हम जमाने के अनुसार कदम से कदम मिलाकर नहीं चले तो फिर सफलता के साथ जीवन में आगे बढ़ना संभव नहीं ही होगा। ये विचार उन्होंने चितौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. द्वारा सहकार सप्ताह के चौथे दिन आयोजित नवाचार विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा की अरबन बैंक द्वारा समय समय पर नवाचार को अंगीकार करने का ही परिणाम है कि हम राष्ट्रीयकृत व निजी बैंकों के समकक्ष सेवाएं दे पा रहे है।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक की सेवानिवृत प्रबंधक और जनचेतना मंच महिला शाखा की प्रांतीय अध्यक्ष राजश्री गांधी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि जीवन के हर कदम पर सहकारिता का भाव होना अत्यंत जरूरी है। सीमित साधनों के बावजूद सहकारी बैंकों ने नवाचार को अंगीकार कर ग्राहकों को सेवाए देने का ही परिणाम सहकारिता के प्रति प्रगाढ़ जनविश्वास का होना है।

समारोह के विशिष्ठ अतिथि केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नाना लाल चावला ने कहा कि सरकारी योजनाओं का सीधा व त्वरित लाभ ग्राम स्तर तक मिल रहा है यह नवाचार का ही परिणाम है। विशिष्ठ अतिथि अधिशाषी अधिकारी सुनील जागेटिया सहकार संघ के सचिव घनश्याम कुमावत व अरबन बैंक निदेशक हेमंत कुमार शर्मा व पूर्व उपरजिस्ट्रार एवं बैंक निदेशक राधेश्याम आमेरिया ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नवाचार के कारण ही हो पाया है। विचार गोष्ठी में अरबन बैंक के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋषभ सुराणा, जन चेतना मंच के प्रांतीय मंत्री नंदकिशोर पारीक, झांतला माता समिति के निर्भय शंकर जोशी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में प्रबंधक प्रशासन जे.पी. जोशी, ऋण अधिकारी राजेश अवस्थी, अधिकारी राकेश दशोरा, अनिरुद्ध मालू अभिषेक टेलर, निखिल तनवानी, मनीष पाराशर, मुकेश लढ़ा ने अतिथियों का उपरणा से स्वागत अभिनंदन किया। संचालन महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल ने किया व आभार व्यक्त प्रबंधक प्रशासन जे पी जोशी ने व्यक्त किया।